दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 288 जयपुर, बुधवार, 27 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

कृषि एवं पशुपालन में बढ़ते कदम
राजस्थान को नं 1 बनाने हेतु

## प्रतिबद्ध हैं हम



| तब 2014 - 2018 | | अब 2019 - अगस्त 2023 |
|---|---|---|
| 03 | नए कृषि महाविद्यालय | 51 |
| 0 | नए पशु विज्ञान महाविद्यालय | 09 |
| ₹7177 करोड़ | फसल बीमा के तहत मुआवज़ा राशि | ₹21160 करोड़ |
| 3.52 लाख मीटर | खेतों में तारबंदी | 72.48 लाख मीटर |
| 268522 | नए कृषि बिजली कनेक्शन | 426055 |
| ₹42285 करोड़ | बिजली बिल में अनुदान | ₹74710 करोड़ |
| 0 | पशु औषधालयों का पशु चिकित्सालयों में क्रमोन्नयन | 198 |
| ₹500 करोड़ | पंजीकृत गोशालाओं को सहायता राशि | ₹2992 करोड़ |
| 92363 हेक्टेयर | ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर संयंत्रों की स्थापना | 163976 हेक्टेयर |
| 138253 हेक्टेयर | फव्वारा संयंत्र की स्थापना | 313858 हेक्टेयर |



राजस्थान संवाद

कृषि, पशुपालन व उद्यान विभाग, राजस्थान

**जरूरी खबर**

## किसानों को दिया जा रहा ब्याजमुक्त ऋण: कटारिया



**जयपुर।** सहकारी बैंकों और ग्राम सेवा सहकारी समितियों के आर्थिक सुदृढीकरण के लिए अल्पकालीन फसली ऋण वितरण की एवज में नाबार्ड पुनर्वित्त को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 से 70 प्रतिशत किए जाने की आवश्यकता है। ये बातें कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहीं। कटारिया मंगलवार को देश के राज्य सहकारी बैंकों के शीर्ष संगठन नैफस्कॉब की कांफ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार की कृषि एवं सहकारिता को आगे बढाने वाली नीतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश के किसानों को 1 लाख 50 हजार रुपए का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों एवं सहकारी संस्थाओं के लिए कई नवाचार आरम्भ किए हैं।

## नगरीय निकाय व पंचायतों के उपचुनाव घोषित

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं में 31 अगस्त 2023 तक विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि राज्य में नगरीय निकायों के कुल 9 सदस्यों के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगे। 18 अक्टूबर को इसकी लोक सूचना जारी होगी। नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23 रहेगी। 5 नवम्बर को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

## युवा महोत्सव 1 से 3 अक्टूबर तक होगा आयोजित



**जयपुर।** प्रदेश में राजस्थान खेल युवा महोत्सव 1 से 3 अक्टूबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा ने उद्घाटन समारोह के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर को समारोह के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान युवा बोर्ड का 'लोगो' भी जारी किया। उन्होंने बताया कि महोत्सव में नृत्य, वाद-विवाद, योग, मार्शल-आर्ट, चित्रकला आदि प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं 'कला रत्न' पुरस्कार दिए जाएंगे।

### राज्यसभा सांसद तिवारी ने पीएम मोदी पर बोला हमला, कहा- पीएम गारंटी तो देते हैं पर उसे पूरा क्यों नहीं करते?

# पीएम जहां भी जाते हैं, वहां ईडी की कार्रवाई जरूर होती है

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जयपुर में पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला है। राज्यसभा सांसद तिवारी ने मंगलवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि पीएम गारंटी तो देते है, लेकिन उसे पूरा क्यों नहीं करते हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से पूछा 15 लाख रुपए हर व्यक्ति के बैंक खाते में देने का वादा किया, उसका अभी तक हम इंतजार कर रहे हैं।

इसके अलावा उन्होंने मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव पर हुई ईडी की कार्रवाई को मोदी के जयपुर में एक दिन पहले हुए दौरे से जोड़ते हुए कहा कि राजस्थान में देख लीजिए क्या हो रहा है। मोदी कल राजस्थान आकर गए हैं। आज ईडी के छापे शुरू हो गए। राजस्थान में बीजेपी कमजोर है, इसलिए ईडी को लगाया है। जहां-जहां भी पीएम जाते हैं और जहां बीजेपी कमजोर दिखती है, वहां ईडी, इनकम टैक्स को काम पर लगाया जाता है।

दिल्ली में कल चर्चा थी कि मोदी राजस्थान जाकर आए हैं तो राजस्थान में कार्रवाई होगी। ईडी बीजेपी के फ्रंटल आर्गेनाइजेशन की तरह काम कर रही है, वह एक जांच एजेंसी की तरह काम नहीं कर रही है।



### किसानों से किए वादे को भूले पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों से वादा किया था कि वे किसानों की आय को दोगुना कर देंगे और न्यूनतम समर्थन मूल्य देंगे, लेकिन तीन काले कानूनों के विरोध में 900 से अधिक किसानों ने अपने प्राण त्याग दिए। इसके बावजूद किसानों की आमदनी दोगुनी नहीं हुई। दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा भी पीएम ने किया था, लेकिन हुआ कुछ नहीं। महिला आरक्षण 10 साल बाद लागू करने का वादा कर रहे हैं, अभी क्यों नहीं? मंहगाई लगातार बढ़ रही। गैस सिलेंडर के दाम कहां पहुंच गए हैं। टमाटर के दाम ने तो जनता को हिला दिया।

### एनडीए के कई दल कांग्रेस के लगा रहे चक्कर

राज्यसभा सांसद तिवारी ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि एनडीए के कई दल कांग्रेस के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने पहचान लिया कि भारतीय जनता पार्टी अब डूबता हुआ जहाज है। इस डूबते हुए जहाज को सहयोगी दलों ने पहचान लिया है। इनके सहयोगी दल एक-एक कर इसे नाता तोड़ रहे हैं। तमिलनाडु में एआईएडीएमके ने बीजेपी से नाता तोड़ लिया है। इससे राज्यसभा में उनका बहुमत कम हो गया है। छोटे-छोटे दल इंतजार कर रहे हैं कि जैसे चुनाव की घोषणा हो, वैसे ही इस डूबते जहाज से निकल भागें।

### पांच साल में हुए अभूतपूर्व कार्य

सांसद तिवारी ने गहलोत सरकार की तारीफ में कसीदे पढ़ते हुए कहा कि गहलोत सरकार ने पांच साल में जितना काम किया, उतना तो भाजपा की जितनी भी सरकार आई उनका काम भी जोड़ ले तो भी गहलोत आगे रहेंगे। राजस्थान में गहलोत एक-एक व्यक्ति एक-एक सीट को जानते हैं। सीएम ने कहा है कि 156 सीट आएगी तो मैं पूरी उम्मीद करता हूं कि 156 ही आएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सच कहा है कि छत्तीसगढ़ में तो बीजेपी डबल डिजिट तक भी नहीं पहुंच पाएगी।

### महिला आरक्षण के नाम पर धोखाधड़ी

सांसद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं से किया कोई वादा नहीं निभाया। महिला आरक्षण का बिल लाए उसको भी लागू करने का कोई अता-पता नहीं है। मुझे 44 साल राजनीति करते हो गए, मैंने ऐसा कभी नहीं देखा कि कोई बिल पास हो और उसके लागू होने के बारे में कोई अता-पता नहीं हो। यह महिलाओं के साथ धोखा कर रहे हैं। मोदी सरकार पिछड़े वर्ग की अपेक्षा कर रही है। एससी, एसटी, अल्पसंख्यकों की उपेक्षा कर रहे हैं। इसकी कीमत इन्हें चुकानी पड़ेगी।

### केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने भाजपा कार्यालय में लिया फीडबैक

# सांसद और मंत्रियों के टिकट पर भी की जाएगी गहनता से चर्चा

- चुनाव प्रभारी ने कहा- जल्द ही आएगी प्रत्याशियों की पहली सूची
- प्रवासी सांसदों, विधायकों की बैठक में सौंपी गई विधानसभावार जिम्मेदारी

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा जल्द ही करेगी। भाजपा ने मध्य प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को उम्मीदवार बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजस्थान में जब टिकट के बारे में बैठक करेंगे तब इसकी चर्चा होगी और टिकट की घोषणा बहुत जल्दी होगी। जोशी ने कहा कि पार्टी ने जिन लोगों को मध्यप्रदेश में टिकट दिया है वे उस प्रदेश के नेता हैं और कांग्रेस पार्टी के पास नेता नहीं है।

कांग्रेस पार्टी की यह समस्या है। जोशी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर प्रदेश की प्रतिष्ठा धूमिल करने का आरोप लगाते हुए कहा मुख्यमंत्री का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने सीकर में नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या, हनुमानगढ़ में युवती द्वारा आत्महत्या की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में राजस्थान की जो इज्जत है, जो प्रतिष्ठा है, वह प्रतिष्ठा खराब हो रही है।

मुख्यमंत्री राजस्थान की प्रतिष्ठा को खराब कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है। जोशी ने दावा किया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हम प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगे। राहुल गांधी ने स्वयं स्वीकारा है कि राजस्थान में हम हार रहे हैं।

जोशी ने मंगलवार को यहां प्रदेश पदाधिकारियों सहित प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री एंव प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी नितिन पटेल, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर भी मौजूद रही।




### विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से तय की जिम्मेदारी

जोशी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सोमवार को जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जो जनसभा थी वह अपने आप में ऐतिहासिक है। इस रैली ने कार्यकर्ताओं में जोश फूंकने का काम किया है। हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार मंगलवार को जो बैठक हुई है उसमें सभी जिलों से जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी को विधानसभा स्तर के कार्यक्रम दिए गए हैं। इन सभी को कार्यक्रमों के हिसाब से समन्वय की जिम्मेदारी भी दी गई। बुधवार से ये सभी लोग प्रत्येक विधानसभा में तय कार्यक्रम के अनुसार अपना काम करेंगे। इस दौरान सभी को विधानसभावार कार्यक्रम आवंटित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों का समन्वय प्रदेश मुख्यालय पर किया जाएगा।

### पदाधिकारियों से चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

केन्द्रीय मंत्री जोशी ने प्रदेश पदाधिकारियों सहित प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों की बैठक ली। इस दौरान जोशी ने सभी जिला अध्यक्षों से चुनाव की तैयारियों को लेकर फीडबैक लिया। इस दौरान जिलों में विधानसभा सीट पर जीत के प्लान पर चर्चा की गई। बैठक में अलग-अलग जिलों से आए जिलाध्यक्षों और प्रभारियों से चुनाव तैयारियों के संबंध में सुझाव भी लिए।

### श्रमिकों को ठहरने की मिलेगी सुविधा

# मंत्री जाटव ने किया श्रम कल्याण केंद्र का लोकार्पण



**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि आज 61.70 लाख रुपए की लागत से बने श्रम कल्याण केंद्र का लोकार्पण किया जा रहा है। सिविल लाइंस पर बने इस भवन से दूर–सुदूर क्षेत्रों से राजधानी में आने वाले श्रमिकों को ठहरने की उत्तम सुविधा मिलेगी। ये बात सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव ने कहीं।

जाटव मंगलवार को श्रम कल्याण केंद्र के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनिर्मित भवन का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिक वर्ग को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। इसी क्रम में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित यह भवन श्रमिकों को सहूलियत प्रदान करेगा। जाटव ने कहा कि विभाग ने पिछले चार वर्षों में एक लाख किलोमीटर से अधिक लम्बाई की सड़कों का निर्माण किया है।

मंत्री जाटव ने कहा कि वर्ष 2023-24 की घोषणाओं के 94 फीसदी से अधिक कार्यों के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। श्रम कल्याण सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष जगदीश श्रीमाली ने बताया कि श्रम कल्याण केंद्र में श्रमिकों के ठहरने के साथ-साथ बैठकों के लिए भी स्थान बनाया गया है। केंद्र में भूतल पर ऑफिस व एक हॉल तथा प्रथम तल पर दो कमरे, एक डोरमेट्री तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण भी किया गया है।

### 'आप' नेताओं ने केन्द्र सरकार और पीएम पर साधा निशाना

# जहां भी चुनाव होता है, केवल वहीं पहुंचती है भाजपा: गुप्ता

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर में सभा के दौरान जितनी भी बातें कही वे सभी जुमला साबित हुई हैं। मोदी जिस महिला सशक्तिकरण और सम्मान की बात कर रहे थे बीजेपी उसकी विपरीत मानसिकता के लिए जानी जाती है।

मोदी चुनावी राज्यों में दौरे कर रहे हैं, लेकिन अगर सच में महिला सम्मान और सशक्तिकरण वाली मानसिकता पर विश्वास करते तो जिस मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया प्रधानमंत्री वहां क्यों नहीं गए? इससे पता चलता है कि बीजेपी और उनके नेता सिर्फ उन राज्यों में जाते हैं जहां चुनाव होता है। ये बात आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता योगेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर कही।

गुप्ता ने कहा कि जिस महिला आरक्षण के नाम पर बीजेपी वोट हथियाने की कोशिश कर रही है, दरअसल वो महिला बेवकूफ बनाओ बिल है। उन्होंने कहा कि 'आप' के कार्यकर्ता केजरीवाल का गारंटी कार्ड लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। प्रदेश की जनता ने अगर मौका दिया तो पार्टी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर यहां भी शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आएगी।




### मुख्यमंत्री ने कानून और चिकित्सा के क्षेत्र में दी सौगात

# प्रदेश में 11 नए न्यायालय को मिली मंजूरी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के 11 नवीन न्यायालय खोले जाने की स्वीकृति दी है। गहलोत ने इन न्यायालयों के लिए 119 नवीन पदों के सृजन तथा न्यायालय भवन निर्माण के लिए प्रति न्यायालय 2.97 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति भी दी है।

नए खोले जाने वाले न्यायालयों में खाजूवाला (बीकानेर) एवं बालेसर (जोधपुर) में अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश न्यायालय, मारवाड़ जंक्शन (पाली), बागीदौरा (बांसवाड़ा), सीकरी (भरतपुर) एवं जोबनेर (जयपुर) में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शिव (बाड़मेर), खींवसर (मेड़ता न्याय क्षेत्र), सिणधरी (बालोतरा न्याय क्षेत्र) में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, किशनगढ़ (अजमेर) में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एन.आई. एक्ट प्रकरण) न्यायालय तथा श्रीगंगानगर में वाणिज्यिक न्यायालय शामिल हैं।

इन न्यायालयों में विभिन्न मशीनरी एवं फर्नीचर क्रय करने के लिए प्रति न्यायालय 6.02 लाख रुपए भी स्वीकृत किए गए हैं। नवीन न्यायालयों के लिए सृजित किए जाने वाले 119 नवीन पदों में पीठासीन अधिकारी के 11, लिपिक ग्रेड-द्वितीय के 25, प्रोसेस सर्वर के 8, लिपिक ग्रेड-प्रथम 7, स्टेनोग्राफर ग्रेड-प्रथम के 3, स्टेनोग्राफर ग्रेड-द्वितीय एवं तृतीय के 4-4, शहरेश्तेदार ग्रेड-प्रथम के 2, शहरेश्तेदार ग्रेड-द्वितीय एवं तृतीय के 4-4, रीडर ग्रेड-प्रथम के 3, रीडर ग्रेड-द्वितीय एवं तृतीय के 4-4, सीनियर मुंसरिम का एक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 35 पद शामिल हैं।



### जूनियर रेजिडेंट के पदों में 6 माह की अभिवृद्धि

राज्य में आमजन को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मार्च, 2023 में सितम्बर, 2023 तक के लिए सृजित अस्थाई जूनियर रेजिडेंट के 350 पदों को 6 माह के लिए बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पदों की 6 माह अभिवृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह अभिवृद्धि चिकित्सा महाविद्यालय जयपुर के पदों में की गई है। अब चिकित्सा महाविद्यालय जयपुर द्वारा इस अवधि में पदों पर आवश्यकतानुसार पदस्थापन किए जाएंगे।

### पीएम मोदी ने बांटे 51 हजार नियुक्ति पत्र

# 'नागरिक-प्रथम' की भावना से कार्य करें नए कर्मचारी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित करते हुए करीब 51 हजार नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से देश के नए भविष्य की शुरूआत हुई है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लड़कियों के लिए भविष्य के नए दरवाजे खोलना उनकी सरकार की नीति है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग से भ्रष्टाचार और जटिलताओं पर अंकुश लगा है और विश्वसनीयता और सुविधा में इजाफा हुआ है।

पीएम मोदी ने नवनियुक्त कर्मचारियों से 'नागरिक-प्रथम' भावना से काम करने की सलाह देते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, ट्रेन टिकट की बुकिंग और डिजिटल लॉकर सहित मिल रहीं अन्य सुविधाओं में सहायता करने का कहा। उन्होंने युवाओं से शासन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने निरंतर निगरानी, मिशन मोड कार्यान्वयन और सरकारी योजनाओं में जन भागीदारी के आधार पर एक नई मानसिकता के साथ काम कर रही है और इसका उद्देश्य योजनाओं का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन है।




### जयपुर केंद्र पर 105 को सौंपे नियुक्ति पत्र

प्रदेश में जयपुर, अजमेर और बीकानेर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जयपुर में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अजमेर में केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी और बीकानेर में विधि और न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। जयपुर में भारतीय डाक विभाग की ओर से नौंवे रोजगार मेले का आयोजन सी-स्कीम स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में हुआ। जयपुर केंद्र पर कुल 105 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें डाक विभाग के 54, डीएफएस बैंक से 11, फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया से 5, माइन्स एवं जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया से 5, डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन से 2, रेवेन्यू (सीबीईसी) एवं (सीबीडीटी) से 2, सीपीडब्ल्यूडी से 6 और केंद्रीय विद्यालय से 7 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत नए आर्थिक प्लेयर के रूप में उभर रहा है। देश में विदेशी निवेश बढ़ रहा है। आधारभूत ढांचे में निवेश से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में लाखों रोजगार सृजित हो रहे हैं।

# RLP की 'सत्ता परिवर्तन' यात्रा का आगाज आज से

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की ओर से आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए गुरुवार से 'सत्ता संकल्प' यात्रा की शुरुआत करेगी। इसका आगाज चूरू के सालासर बालाजी से होगा। मंगलवार को आरएलपी विधायक नारायण बेनीवाल, पुखराज गर्ग और इंदिरा देवी बावरी सहित बाबूलाल, कुलदीप, सीताराम नायक सहित कई नेताओं ने सालासर में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी।

पार्टी प्रमुख और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल मंगलवार को सालासर बालाजी की पूजा-अर्चना करने के बाद दोपहर 1:15 बजे सालासर में सभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद रोड़ शो के रूप में बेनीवाल का काफिला सुजानगढ़ पहुंचेगा।



इस यात्रा को लेकर रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने कहा कि राजस्थान की जनता ने व्यवस्था परिवर्तन करने का मन बना लिया है और आगामी विधानसभा चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले होंगे। इन चुनावों में प्रदेश की जनता भाजपा और कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 288 जयपुर, बुधवार, 27 सितंबर, 2023 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** जानी-मानी अभिनेत्री वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए इस वर्ष के दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में देश का सर्वोच्च पुरस्कार है। भारत की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में गिनी जाने वाली वहीदा रहमान ने 'प्यासा', 'सीआईडी', 'गाइड', 'कागज के फूल', 'खामोशी' और 'त्रिशूल' समेत कई फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने दिवंगत अभिनेता देव आनंद की जन्म शती के मौके पर कहा, 'मुझे दोगुनी खुशी है क्योंकि यह देव आनंद का जन्मदिन है।

### भारत-आस्ट्रेलिया के बीच तीसरा वन डे मैच आज

**राजकोट।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में 27 सितंबर को खेला जाएगा। भारतीय समयनुसार मैच की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे होगी, जबकि टॉस एक बजे होगा। टीम इंडिया शुरुआती दो मुकाबले जीत सीरीज पहले ही अपने नाम कर चुकी है। भारत ने शुरुआती दो मैच केएल राहुल की कप्तानी में खेले थे।अब तीसरे मैच में टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा की वापसी हो जाएगी। रोहित शर्मा के साथ कई और खिलाड़ी भी राजकोट वनडे के लिए टीम में वापस लौटेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**एशियन गेम्स 2023 में रचा इतिहास:** पाल नौकायन में नेहा ठाकुर को रजत और इबाद अली को मिला कांस्य पदक

# भारतीय घुड़सवारी टीम ने 41 साल बाद जीता गोल्ड मेडल

**एजेंसी** | हांगझोउ

भारत ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता में टीम ड्रेसेज स्पर्धा में शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक के 41 साल के इंतजार को खत्म किया। जबकि पाल नौकायन (सेलिंग) में नेहा ठाकुर रजत और इबाद अली कांस्य पदक जीतने में सफल रहे।

निशानेबाजी में भारत के दिव्यांश पंवार और रमिता जिंदल की जोड़ी दस मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गई, जबकि जूडो में तुलिका मान को भी कांस्य पदक के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

एड्रेनेलिन फिरफोड पर सवार दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड (चेमक्सप्रो एमरेल्ड) और अनुश अग्रवाला (एट्रो) ने कुल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सुदीप्ति हजेला भी टीम का हिस्सा थी, लेकिन सिर्फ शीर्ष तीन खिलाड़ियों के स्कोर गिने जाते हैं। चीन की टीम 204.882 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि हांगकांग ने 204.852 प्रतिशत अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। खेल के इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने ड्रेसेज स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। भारत ने कांस्य पदक के रूप में ड्रेसेज में पिछला पदक 1986 में जीता था। भारत ने घुड़सवारी में पिछला स्वर्ण पदक नई दिल्ली में 1982 में हुए एशियाई खेलों में जीता था। ड्रेसेज स्पर्धा में घोड़े और राइडर के प्रदर्शन को कई मूवमेंट पर परखा जाता है। प्रत्येक मूवमेंट पर 10 में से अंक (शून्य से 10 तक) मिलते हैं। प्रत्येक राइडर का कुल स्कोर होता है और वहां से प्रतिशत निकाला जाता है।



**मानो ख्वाब हो गए सच: दिव्यकीर्ति** अजमेर के मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल की पूर्व छात्रा रही दिव्यकीर्ति सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करना और कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 41 वर्षों के अंतराल के बाद ड्रेसाज में भारत के लिए पदक जीतने में योगदान गर्व की बात है। एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करना उनके लिए ख्वाब के सच होने जैसा है। इसके लिए मैं अपने घोड़ों, प्रशिक्षकों और इंडियन इक्वेस्ट्रियन फैडरेशन की आभारी हूं।

### स्वर्ण जीतने के इरादे से आज मैदान में उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

41 साल से एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के इंतजार को खत्म करने के इरादे से उतरी शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम बुधवार को सिंगापुर के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज भारत एशियाई खेलों में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम का जलवा... सिंगापुर को 16-1 से हराया

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह की हैट्रिक के दम पर खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्धा में मंगलवार को सिंगापुर को 16-1 से हराया। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने उजबेकिस्तान को 16-0 से मात दी थी।

**अब मिड-डे-मील योजना केस में प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री**

# मंत्री राजेंद्र यादव के तीन ठिकानों पर ED के छापे

## ■ पीएमएलए कानून में ईडी कर रही कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

मिड डे मील योजना में हुए भ्रष्टाचार के मामले में आयकर विभाग के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय भी सक्रिय हो गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को राजस्थान सरकार में गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव के परिजनों के तीन ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी अधिकारियों ने जयपुर में यादव के पुत्रों के दो फ्लैट, कोटपूतली और बहरोड़ स्थित ठिकानों पर यह कार्रवाई की।

सूत्रों के अनुसार कार्रवाई में यादव पुत्रों की ओर से संचालित कंपनियों में कोरोना काल में मिड डे मील योजना में की गई आपूर्ति से जुड़े अनेक दस्तावेज बरामद करने व इनकी संपत्तियों के संबंध में जानकारियां जुटाई हैं। देर शाम ईडी ने पूछताछ के लिए यादव के दोनों पुत्रों को कार्यालय बुलाया, जहां देर रात तक पूछताछ होती रही। ईडी इस मामले में धन-शोधन निवारण अधिनियम-पीएमएलए कानून में कार्रवाई कर रही है। इसी मामले में गत वर्ष 7 सितंबर को आयकर विभाग भी कार्रवाई कर चुका है।



### अधिकारी दिनभर साधे रहे मौन

उधर, राजेंद्र सिंह यादव के परिजनों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी दिन भर मौन साधे रहे। अधिकारियों ने न तो इस मुद्दे पर कोई अधिकारिक टिप्पणी की और ना ही देर रात कोई बयान जारी किया। ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में अधिकारियों से मुलाकात करने का 'सच बेधड़क' ने प्रयास भी किया, लेकिन क्षेत्रीय निदेशक अर्पिता नाहारिया ने तो मामले के बारे में जानकारी देना तो दूर अपने को व्यस्त बता कर मुलाकात से ही साफ इनकार कर दिया।

### केंद्र के इशारे पर की गई कार्रवाई

ईडी की छापेमारी के बाद प्रदेश में राजनीति भी गरमा गई। इस बीच गृह राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर अपना पक्ष भी मीडिया के समक्ष पेश किया। यादव ने बताया कि पिछले साल आयकर विभाग ने उनके आवास आदि पर छापेमारी की और अब ईडी के अधिकारी पहुंचे हैं। मिड डे मील योजना में उनके बच्चों की कंपनियों ने माल की आपूर्ति की है। किसी के कारोबार को अपराध करार नहीं दिया जा सकता। उनके बच्चों के मोबाइल भी



ईडी अधिकारियों ने जब्त किए हैं। ईडी जिस टेंडर के बारे में सर्च कर रही है, उससे हमारा कोई लेना देना नहीं है। इस योजना में किए गए कार्यों का भुगतान भी पिछले ही माह हुआ है। हमारा भुगतान को लेकर भी संबंधित केंद्र सरकार की एजेंसी से विवाद हुआ है, जो अदालत में विचाराधीन है। मिड डे मील योजना में वितरित की गई वस्तुओं के हम आपूर्तिकर्ता नहीं है, हमने योजना में काम आने वाले बैग की केवल सप्लाई की है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में नहीं जाऊंगा। चुनाव लड़ूंगा, लेकिन रहूंगा कांग्रेस में। पार्टी मेरे साथ खड़ी भी है। उन्होंने ईडी की कार्रवाई को केंद्र के इशारे से हुई कार्रवाई भी करार दिया।

**जयपुर, दौसा और सीकर में आयकर छापेमारी**

## नेपाल के इकलौते अरबपति और राजस्थान मूल के बिनोद चौधरी के छापे

**बेधड़क** | जयपुर

नेपाल के इकलौते अरबपति और राजस्थान मूल के बिनोद चौधरी की कंपनी सीजी कॉर्प ग्लोबल के जयपुर स्थित कार्यालय, दौसा और सीकर सहित 5 ठिकानों पर मंगलवार को आयकर छापेमारी शुरू हुई। यह कार्रवाई गुवाहाटी स्थित आयकर विभाग की छापेमारी की कड़ी में की गई है। छापेमारी का नेतृत्व गुवाहाटी से आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा के अधिकारी कर रहे हैं, जिन्हें स्थानीय आयकर अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। जयपुर में कंपनी का कार्यालय तख्तेशाही मार्ग स्थित कांस्टियां लेन में है, जहां सुबह से ही आयकर टीम पड़ताल कर रही थी।

आयकर विभाग की यह कार्रवाई बिनोद चौधरी की कंपनी सीजी कॉर्प ग्लोबल और समूह की अन्य कंपनियों में पर्याप्त आयकर नहीं चुकाए जाने की सूचनाओं के आधार पर शुरू हुई है। आयकर छापेमारी असम के अलावा कोलकाता, सिक्किम, राजस्थान व कुछ अन्य राज्यों में भी हो रही है। सीजी कॉर्प ग्लोबल की सहयोगी कंपनी, सीजी फूड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान में अजमेर जिले के रुपनगढ़ में स्थापित हो रहे ग्रीनटेक मैगा फूड पार्क की प्रमुख प्रमोटर है और इसमें इसकी सबसे बड़ी भागीदारी है। उपलब्ध दस्तावेज की जांच के आधार पर आयकर अधिकारियों ने ग्रीनटेक मैगा फूड पार्क के अन्य प्रमोटर्स के ठिकानों पर भी छापेमारी की है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार आयकर कार्रवाई का निशाना बनने वाले जयपुर के लोगों में सबसे बड़ा नाम प्रदीप खेतान का है, जिनका असम सहित उत्तर पूर्वी राज्यों में काफी बड़ा काम बताया जा रहा है। खेतान के वैशाली नगर स्थित आवास खेतान भवन पर भी छापेमारी हुई।

# CM गहलोत आज से करेंगे जिलों का दौरा



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने 'मिशन-2030' के बारे में लोगों से संवाद के लिए बुधवार से जिलों का दौरा शुरू करेंगे। इसके तहत वह पहली बैठक जयपुर में बिड़ला सभागार में करेंगे। गहलोत की यात्राओं का यह नौ दिवसीय कार्यक्रम राज्य में आदर्श आचार संहिता से पहले होने जा रहा है। राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। गहलोत बुधवार दोपहर 12 बजे बिड़ला सभागार में जौहरियों, रत्न व्यापारियों, ज्योतिषियों और कारीगरों से संवाद करेंगे। इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से जयपुर के चौमूं कस्बे के लिए रवाना होंगे और वहां बागवानों से संवाद करेंगे। शाम को जयपुर लौटने से पहले गहलोत सीकर में खाटू श्याम मंदिर और चूरू में सालासर बालाजी मंदिर जाएंगे।

## मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक बनाने के लिए तैयार होगी डीपीआर



**बेधड़क** | जयपुर

गहलोत सरकार ने समाज सुधारक गोविंद गुरु की साधना स्थली मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने डीपीआर बनाने के लिए एक करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत ने पिछले महीने विश्व आदिवासी दिवस पर मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित कराने और 100 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाने की घोषणा की थी। राजस्थान-गुजरात सीमा पर बांसवाड़ा जिले में स्थित मानगढ़ धाम एक ऐतिहासिक स्थान है, जहां 1913 में अंग्रेजों की गोलीबारी में सैकड़ों आदिवासियों ने जान गंवाई थी। पिछले माह नौ अगस्त को अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने यहां बड़ी रैली की थी।

**नड्डा, शाह आज प्रदेश भाजपा का जांचेंगे होमवर्क**

# पदाधिकारियों और सांसदों के चुनाव में उतारने को लेकर होगा फैसला!

- टिकट की कवायद अंतिम दौर में, पहली सूची में दो दर्जन से ज्यादा नाम
- टिकट के बाद डेमेंज कंट्रोल की रणनीति पर होगा मंथन
- चुनाव तक के कार्यक्रमों को लेकर मैराथन बैठकों का चलेगा दौर

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को जयपुर आ रहे हैं। प्रवास के दौरान दोनों नेता भाजपा की विभिन्न बैठकों में भाग लेंगे। प्रदेश पदाधिकारियों से चर्चा के साथ ही दोनों नेता चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर अब तक प्रदेश भाजपा के होमवर्क को भी जांचेंगे।

पार्टी कार्यालय में बुधवार को मैराथन बैठकों का दौर रहेगा। भाजपा के केंद्रीय नेताओं के एक साथ यहां आने को टिकट वितरण की अंतिम कवायद से जोड़ कर देखा जा रहा है। बैठक के दौरान पार्टी अपने पदाधिकारियों को चुनावी मैदान में उतारने और सांसदों को टिकट देने को लेकर भी शाह और नड्डा चर्चा कर सकते हैं। इसके अलावा टिकट वितरण के बाद डेमेंज कंट्रोल को लेकर भी रणनीति इसी बैठक में तैयार की जाएगी।



### पहली सूची की कवायद

माना जा रहा है कि भाजपा श्रद्धापक्ष यानि 29 सितंबर से पहले उम्मीदवारों की एक छोटी सूची जारी करने पर विचार कर रही है। इसमें तयशुदा नामों में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनियां, अरुण चतुर्वेदी, ज्ञानचंद पारख, वासुदेव देवनानी सहित अन्य नाम शामिल हो सकते हैं। वहीं पार्टी सर्वे में सी ग्रेड की सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर सकती है। इसमें कई ऐसे प्रत्याशी भी शामिल होंगे जो हाल ही में भाजपा में शामिल हुए है। इसमें सुभाष महरिया, सवाईसिंह चौधरी जैसे नाम शामिल हो सकते हैं। सूत्रों की माने तो भाजपा की सूची में 21 नाम शामिल हो सकते हैं।

### सांसदों को लेकर भी फैसला

सूत्र यह भी बता रहे हैं कि भाजपा प्रदेश के कई सांसदों को भी चुनावी मैदान में उतार सकती है। सांसद देवजी पटेल, रणजीता कोली, मनोज राजोरिया, सुखबीर सिंह जौनापुरिया, सुमेधानंद, सीपी जोशी, अर्जुनराम मीणा के नाम शामिल है।

### देर रात चलेगा बैठकों का दौर

भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री और नड्डा बुधवार शाम आठ बजे जयपुर एअरपोर्ट पहुंचेंगे। वहीं से सीधे भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आएंगे। करीब दस बजे तक प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं के साथ चुनावी मंत्रणा करेंगे। बताया जा रहा है कि दोनों नेता भाजपा कार्यालय पर प्रदेश संगठन से जुड़े नेताओं के साथ बैठक करेंगे और चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने पर चर्चा। इसके साथ ही उम्मीदवारों के नाम पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद यह दोनों नेता गुरुवार सवेरे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## जरूरी खबर

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज अनुसंधान केन्द्रों की रखेंगे नींव



**बाड़मेर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को बाड़मेर आएंगे। वे बीकानेर में मूंगफली अनुसंधान केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद वायुसेना के विशेष हेलीकॉप्टर से दोपहर 1:40 उतरलाई और फिर दोपहर 2:15 बजे गुड़ामालानी पहुचेंगे। यहां उपराष्ट्रपति क्षेत्रीय बाजरा (श्रीअन्न) अनुसंधान केंद्र का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे ब्रह्मधाम तीर्थ आसोतरा के लिए रवाना होंगे। इसके बाद वहां से उपराष्ट्रपति जोधपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या, 3 आरोपी धरे

**नागौर।** जिले में पुलिस ने युवक की हत्या का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतक का अंतिम संस्कार कर सबूत मिटाना चाहते थे। मामला कुचेरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार 24 सितंबर को लूणसरा के रहने वाले खेमाराम ने अपने भाई की हत्या का मामला दर्ज कराया था। इसमें बताया था कि 23 सितंबर की शाम उसका भाई प्रेमाराम खेत में सो रहा था। इस दौरान उनके बड़े पिता हरिराम, सुरेंद्र और इंद्राज ने लाठियों से मारपीट कर प्रेमाराम की हत्या कर दी। परिवार के लोगों को हार्ट अटेक से उसकी मौत होना बताया। शरीर पर चोट के निशान दिखे तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

### रेल यात्रियों को मतदान के लिए किया जागरूक



**राजसमंद।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना के नेतृत्व अनूठी पहल की गई। इसके तहत कांकरोली रेलवे स्टेशन से स्कूली छात्र-छात्राओं ने कुंवारिया तक ट्रेन में सवार होकर तख्तियों और बैनर्स से रेल यात्रियों को निर्भिक होकर मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान ट्रेन को भी मतदाता जागरुकता के पोस्टर और बैनर से सजाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के नारे भी लगाए। इस दौरान कुंवारिया तहसीलदार, स्वीप कोर्डिनेटर राम प्रकाश शर्मा, स्वीप समिति सदस्य मुकेश आमेटा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**राज्यपाल ने गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में संविधान पार्क का किया लोकार्पण**

# नई शिक्षा नीति से रोजगार परक शिक्षा पर करें फोकस: मिश्र

**बेधड़क | बांसवाड़ा**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को बांसवाड़ा में गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित प्रवेश द्वार, संविधान उद्यान और संविधान स्तंभ का लोकार्पण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन के शिलान्यास के साथ गोविन्द गुरु की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय जनजातीय परंपराओं और संस्कृति से जुड़े उनके प्रकृति सरोकारों पर मौलिक शोध के लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि गोविंद गुरु व्यक्ति नहीं संस्था थे।

वे ऐसे युग प्रवर्तक महापुरुष थे जिन्होंने अपने समय में सामाजिक जागरूकता की क्रांति का शंखनाद किया। उन्होंने गोविन्द गुरु द्वारा 'भगत पंथ' की स्थापना के साथ धार्मिक जागृति और स्वाधीनता संग्राम मे उनके योगदान को भी महत्वपूर्ण बताते हुए उनके आदर्शों से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के तहत अध्यन से रोजगारपरक शिक्षा के प्रयास करने पर जोर दिया।



### संविधान संस्कृति से जुड़ेगी युवा पीढ़ी

राज्यपाल ने संविधान उद्यान के निर्माण पर बधाई देते हुए कहा कि इससे देश की युवा पीढ़ी संविधान संस्कृति से जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि संविधान उद्यान नई पीढ़ी को संविधान प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्यों की याद दिलाता रहेगा। उन्होनें विश्वविद्यालय की ओर से आदिवासी कला और संस्कृति के संरक्षण के साथ जनजातीय परम्पराओं और भाषाओं पर शोध के लिए भी कार्य करने का आह्वान किया।

### जो समाज जितना शिक्षित, उसका उतना ही तेजी से होता है विकास

राज्यपाल ने जीवन के लिए शिक्षा को जरूरी बताते हुए कहा कि जो समाज जितना अधिक शिक्षित होता है, उसका विकास भी उतनी ही तेजी से होता है। शिक्षा के बिना कोई समाज तरक्की की राह पर नहीं जा सकता। वहीं उन्होंने विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कारों के बीजारोपण को भी जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार दोनों पाकर ही कोई व्यक्ति श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के केन्द्र मात्र ही नहीं है बल्कि यह वह स्थान है जहां विद्यार्थी ज्ञान का व्यावहारिक आलोक पाते हैं। उन्होंने नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर लाई गई है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में पाठ्यक्रमों को अद्यतन करते हुए रोजगारपरक शिक्षा के लिए प्रयास करने पर जोर दिया।

---

**दिल्ली का गिरोह कर रहा था संचालन, मैनेजर-सुपरवाइजर को धरा**

# नकली गुटखा फैक्ट्री पकड़ी 25 करोड़ का माल बरामद

■ CID क्राइम ब्रांच और पुलिस ने की कार्रवाई

**बेधड़क | चितौड़गढ़**

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने चित्तौड़गढ़ जिले के निंबाहेड़ा थाना इलाके में स्थानीय पुलिस के सहयोग से नकली गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मार कर करीब 25 करोड रुपए कीमत का नकली गुटखा, उपकरण व कच्चा माल जब्त किया है। मौके पर मिले फैक्ट्री के मैनेजर और सुपरवाइजर को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि लेबर को हिरासत में लिया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम की ओर से मंगलवार को निंबाहेड़ा सदर इलाके में यह कार्रवाई की गई है। टीम के सदस्य चित्तौड़गढ़ से अटैच हेड कांस्टेबल महावीर सिंह को लंबे समय से थाना क्षेत्र में नकली गुटखा के कारोबार किए जाने की सूचना मिली थी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन तथा पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल रमेश चंद्र द्वारा एक महीने से इस सूचना के तहत जानकारी जुटा रहे थे।

सूचना के पुख्ता होने पर देर रात एसएचओ निंबाहेड़ा सदर व कोतवाली टीम और डीएसटी को साथ लेकर हाईवे पर मांगरोल के पास स्थित फैक्ट्री पर दबिश दी गई।



### दिल्ली के रहने वाले हैं फैक्ट्री संचालक

इस फैक्ट्री को संचालित करने वाले गिरोह के बड़े माफिया दिल्ली के रहने वाले हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। वहीं फैक्ट्री मालिकों और इस कारोबार के बारे में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एडीजी ने बताया कि पुलिस ने मौके से करीब 25 करोड़ का तैयार व माल और मशीने जब्त की हैं। इसमें तैयार माल के 540 बोरे जिनकी कीमत करीब 8 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपए है। कच्चे माल की 150 बोरी जिसकी कीमत करीब 15 करोड़ 75 लाख रुपए है। साथ ही पैकिंग सामग्री भरने के रैपर के 150 कट्टे कीमत 15 लाख, पांच हॉपर मशीन करीब 50 लाख रुपए तथा अन्य सामग्री की कीमत करीब 5 लाख रुपए है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व रमेश चंद्र की विशेष भूमिका रही। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह ने किया जबकि सुपरविजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी द्वारा किया गया।

### बड़ी मशीनों से भारी मात्रा में हो रही थी पैकिंग

एडीजी एमएन ने बताया कि जब टीम ने फैक्ट्री में छापेमारी की तो वहां बड़ी मशीनें लगा बड़े पैमाने पर नकली गुटखे की पैकिंग की जा रही थी। थाना सदर पुलिस ने मौके पर मिले मैनेजर मोहित यादव व सुपरवाइजर मोहम्मद साबिर निवासी थाना बुद्ध विहार दिल्ली को गिरफ्तार कर वहां काम करने वाले कार्मिको को डिटेन कर लिया। इस फैक्ट्री में नकली माल बनाकर अन्य स्थानों पर सप्लाई किया जा रहा था। पकड़े गए आरोपियों ने थाना कोतवाली निंबाहेड़ा क्षेत्र के रीको इंडस्ट्रीज एरिया में एक बड़ा गोदाम किराए पर ले रखा था। इस गोदाम से भारी मात्रा में तैयार माल और कच्चा माल भरा मिला, जिसे जब्त किया गया। अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया गया है, जिनके द्वारा भी विभिन्न पहलुओं से जांच की जाएगी।

---

**एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत**

## माता-पिता, गर्भवती बेटी के लिए काल बनकर आया टेंपो



**बेधड़क | अलवर**

जिले में एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। सोमवार देर रात झुंडपुरी मोड पर हुए हादसे में तेज रफ्तार टेंपों ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार माता-पिता और उनकी गर्भवती बेटी की मौत हो गई। ये तीनों खेत में मजदूरी करने गए थे, जो लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना के बाद चालक टेंपो को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

हादसा भिवाड़ी के टपूकड़ा थाना क्षेत्र के झुंडपुरी मोड़ के पास रात करीब 8 बजे हुआ। टपूकड़ा थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि रायसिख समाज के मुसारी गांव निवासी ज्ञानसिंह (48) अपनी पत्नी नीता कौर (45) और बेटी सुनीता बाई (21) के साथ बाइक से सोमवार सुबह खेत में कपास बीनने गए थे। रात करीब 8 बजे खेत से वापस घर लौट रहे थे।

इसी दौरान घर से 300 मीटर दूर झुंडपुरी मोड़ पर पीछे से आ रहे एक लोडिंग टेंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आस-पास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और घायलों को तुरंत टपूकड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद ज्ञानसिंह और उसकी पत्नी नीता कौर को मृत घोषित कर दिया। साथ ही उनकी बेटी सुनीता को गंभीर हालत में अलवर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने मौके से टैंपो को जब्त कर लिया है।

---


**तेजाजी मेले के आखरी दिन हुआ हादसा**

## झूले में करंट से 1 महिला की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

**बेधड़क | ब्यावर**

शहर में आयोजित तीन दिवसीय तेजाजी महाराज के मेले के अंतिम दिन मंगलवार शाम को बारिश के चलते एक झूले में करंट प्रवाहित हो गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार इस हादसे में टांटोटी निवासी झूला मालिक जब्बार की पत्नी जादम की मौत हो गई, जबकि जब्बार सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद कलेक्टर रोहिताश्व तोमर सहित पुलिस के आला अधिकारी मेला स्थल सुभाष उद्यान पहुंचे। इसके बाद विद्युत आपूर्ति बंद करवा झूले से बिजली कनेक्शन हटाया गया। कलेक्टर ने सभी झुलों का संचालन बंद भी करवाया। हादसे के बाद मेलार्थियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद पुलिस के पहुंचने पर कुछ ही देर में मेला मैदान खाली हो गया। इस हादसे चलते मेले के अंतिम दिन शाम को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी स्थगित करवा दिया गया।



---

**सांसद राठौड़ की मांग पर केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने दी स्वीकृति**

## अब लालवास अंडरपास की बढ़ेगी ऊंचाई

**बेधड़क | लालवास**

जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने केंद्रीय परिवहन, सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।

इस दौरान राठौड़ ने उन्हें जयपुर-बांदीकुई फोरलेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के अपने लोकसभा क्षेत्र के लालवास से गुजरने वाले हाईवे पर बने कम ऊंचाई के अंडरपास की जन समस्या बताई और ऊंचाई बढ़ाने का आग्रह किया।

साथ ही अंडरपास की कम चौड़ाई और ऊंचाई से होने वाली किसानों की विभिन्न समस्याओं से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अवगत भी कराया। मामला संज्ञान में आने के बाद गडकरी ने एनएचआई पीडी दौसा डीके चौधरी सहित अन्य अधिकारियों को वहां भेजा। साथ ही अंडरपास की ऊंचाई 4 से 5.5 मीटर बढ़ाने का आदेश भी दिया। इस आदेश के बाद वहां के किसानों को राहत मिली है।



सांसद कर्नल राठौड़ ने बताया उनके हाईवे पर कम ऊंचाई वाले अंडरपास का निर्माण हुआ था। इससे किसानों की फसल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को निकलने में समस्या आ रही थी। थ्रेसर जैसी मशीनें भी यहां से नहीं निकल पा रही थी। अब इस अंडरपास की ऊंचाई बढ़ने से ट्रैक्टर ट्रॉलियां और कृषि यंत्र आसानी से निकल सकेंगे। यह हाईवे इस क्षेत्र और प्रदेश के विकास में बहुत सहायक है। इसके निर्माण का क्षेत्रवासियों को बहुत लाभ होगा।

---

**कोटा के लिए सौगातों भरा रहा मंगलवार**

# विकास कार्यों का लोकार्पण, आमजन की बढ़ेगी सुविधा

### स्वायत्त शासन मंत्री ने जनता को समर्पित की योजनाएं

**बेधड़क | कोटा**

जिले के लोगों को अब कई सुविधाएं मिलने जा रही हैं। मंगलवार का दिन जिले के लिए सौगातों भरा रहा। स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने मंगलवार को कोटा शहर के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण कर योजनाएं आमजन को समर्पित की।

धारीवाल ने मंगलवार को श्रीपुरा न्यास द्वारा नवनिर्मित पार्किंग का लोकार्पण किया। इसके पश्चात से सब्जी मंडी बजाज खाना तक नवनिर्मित नई सड़क, गुमानपुरा इन्दिरा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। किशोरपुरा गेट से इन्दिरा गांधी तिराहा तक नहर के सहारे सड़क निर्माण के कार्यों का लोकार्पण किया। स्वायत्त शासन मंत्री ने कॉमर्स कॉलेज रोड़ से राजीव गांधी नगर तक लिंक रोड़ एवं जल शोधन संयंत्र (50 (एमएलडी) श्रीनाथपुरम लोकार्पण भी किया। इस सभी विकास कार्यों से स्थानीय लोगों को कई तरह की सुविधा मिलेगी।




### वाहनों की रेलमपेल से मिलेगी मुक्ति

मंत्री शांति धारीवाल ने श्रीपुरा विकास भवन में आयोजित लोकार्पण समारोह में नवनिर्मित पार्किंग व्यापारियों एवं जनता को समर्पित की। नगर विकास न्यास के सचिव मानसिंह मीणा ने बताया कि इस पार्किंग में 250 दोपहिया वाहनों की जा सकेंगी। इस कार्य पर 3 करोड़ रुपए व्यय किए गए। उन्होंने बताया कि इस पार्किंग के निर्माण होने से सब्जीमंडी, इंदिरा मार्केट सहित आस-पास के दुकानदारों को अपने वाहनों की पार्किंग की बेहतर सुविधा मिलेगी और अनावश्यक लगने वाले जाम से भी निजात मिल सकेगी। पार्किंग का निर्माण करने के लिए व्यापारियों पे मंत्री धारीवाल का आभार जताया। इसके बाद धारीवाल ने सब्जीमंडी से बजाज खाना तक 1 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया।

### इंदिरा गांधी की 11 मीटर ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

गुमानपुरा में नवनिर्मित इन्दिरा गांधी की विशाल प्रतिमा का अनावरण मंत्री धारीवाल ने किया। न्यास सचिव मानसिंह मीणा ने बताया कि गन मेटल से 11 मीटर ऊंची प्रतिमा विकसित की गई। जिस पर 3 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि आयरन लेडी के नाम से विख्यात देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सिद्धांत और कार्य शैली को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि कोटा शहर वासियों के लिए मंगलवार का दिन सौगातों भरा रहा।

---

## दिव्यांग की निर्मम हत्या कर शव जंगल में फेंका



**अजमेर।** जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के तारागढ़ रोड पर बड़ा पीर के पास जंगल में एक कट्टे में एक व्यक्ति का दो-तीन दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल, एमओबी और डॉग स्क्वायड को बुलवाया।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया सिर पर हमला कर दिव्यांग की हत्या करने और साक्ष्य छुपाने के लिए शव को कट्टे में बांधकर फेंकने का मामला प्रतीत हो रहा है। दरगाह थानाधिकारी जगदीश मीणा ने कहा कि घटना स्थल की गहनता से जांच करवाई गई। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। उसे क्षेत्र में भिक्षावृत्ति करते देखे जाने की स्थानीय लोगों ने जानकारी दी है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की जांच की जा रही है। हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जरूरी खबर

### कटेजा ने संभाला आरयू कुलपति का कार्यभार



**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय की स्थापना के बाद प्रथम स्थायी महिला कुलपति के रूप में मंगलवार को प्रो. अल्पना कटेजा ने पदभार ग्रहण किया। प्रो. कटेजा के पदभार संभालने के बाद से ही विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अशैक्षणिक कर्मचारियों, छात्र संगठनों की ओर से बधाइयों का दिन भर तांता लगा रहा। कुलपति कटेजा अर्थशास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर हैं और आर्थिक क्षेत्र से जुडे विशिष्ट शोध कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशेष पहचान रखती हैं। कटेजा ने 2009 में राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुई थीं। कटेजा सिंडिकेट सदस्य रहने के साथ ही महारानी व राजस्थान कॉलेज की प्रिंसिपल भी रह चुकी हैं।

### संस्कृत विवि में बने वैदिक जल अनुसंधान केंद्र

**जयपुर।** जगतगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में वैदिक जल के अनुसंधान पर काम होना चाहिए। यहां वैदिक जल का अनुसंधान केंद्र बनना चाहिए। इसके लिए विश्वविद्यालय को प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को तुरंत भेजना चाहिए। यह बात मंगलवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में कही। शेखावत सांसद निधि से बनने वाले आधुनिक ज्ञान-विज्ञान संकाय भवन के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। शेखावत ने विश्वविद्यालय में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत की प्रतिमा भी लगाने की घोषणा की है। कुलसचिव डॉ. जगदीश नारायण विजय ने बताया कि समारोह में सांसद रामचरण बोहरा, कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने भी संबोधित किया।

जवाहर सर्किल थाने में विवाद निस्तारण के लिए घूस मांगने के मामले में एसीबी की जांच में खुलासा

# एक कांस्टेबल ने मांगी बोतल, दूसरे ने सब्जी के 500 रुपए

बेधड़क | जयपुर

अब घूस में पुलिसकर्मी शराब की बोतलें भी मांगने लगे हैं। बोतल की कीमत भी 2 हजार रुपए तय कर रखी है। यह खुलासा एसीबी द्वारा दर्ज एक प्रकरण की जांच में हुआ है। इससे पहले घूस में पुलिसकर्मियों व अफसरों द्वारा नगदी लेने के ही मामले सामने आए थे।

दरअसल एसीबी ने पिछले शनिवार को जवाहर सर्किल थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल समेत दो पुलिसकर्मियों को 4 हजार रुपए की घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी कांस्टेबल वेद प्रकाश ने परिवादी से उसके परिवाद का निस्तारण करने के लिए शराब की बोतल की डिमांड की थी। जब परिवादी ने कांस्टेबल को शराब की बोतल लाने के लिए ठेके पर जाने से इनकार किया तो उसने परिवादी को एटीएम से 2 हजार रुपए निकाल कर लाने के लिए कह दिया, ताकि वह शराब की बोतल खरीद सके।

एसीबी अब कांस्टेबल वेदप्रकाश व संगीता के खिलाफ चालान पेश करने की तैयारी कर रही है। दोनों पुलिसकर्मियों को डीसीपी ने निलंबित कर दिया है। पड़ताल में सामने आया कि आरोपी महिला कांस्टेबल ने परिवादी का परिवाद दर्ज करने के लिए 500 रुपए लिए थे। यह राशि संगीता ने सब्जी खरीदने के लिए परिवादी से ली थी। एसीबी की पूछताछ में यह खुलासा हुआ है।




### 10 हजार की उधारी मांगने पर मिली थी धमकी

पड़ताल में सामने आया कि 20 सितंबर को टोंक निवासी नानगराम ने एसीबी में शिकायत की थी कि वह रामअवतार सोलंकी से 10 हजार रुपए मांगता था। वह रुपए लौटाने के बजाए धमका रहा था। नानगराम ने इस संबंध में जवाहर सर्किल थाने में शिकायत दी थी। शिकायत दर्ज करने के लिए कांस्टेबल संगीता ने 500 रुपए लिए थे। इस मामले में अगले दिन ही राजीनामा हो गया था, लेकिन परिवाद का निस्तारण करने के लिए कांस्टेबल संगीता नानगराम को बार-बार फोन करके 5 हजार रुपए की घूस मांग रही थी। जब परिवादी थाने पर आया तो संगीता ने कांस्टेबल वेदप्रकाश से मिलने की बात कही। तब परिवादी वेदप्रकाश से मिला और उसने 4 हजार रुपए की घूस की डिमांड की। वेदप्रकाश खुद के लिए 2 हजार रुपए व संगीता के लिए दो हजार रुपए मांग रहा था।

> मामले की जांच की जा रही है। जांच में नए तथ्य आने पर उन पर तस्दीक जाएगी। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश करेंगे।
>
> **बलराम मीणा,** एडिशनल एसपी, एसीबी

आयोग की लेटलतीफी का खमियाजा भुगतेंगे लाखों बेरोजगार

# 50 हजार पदों की भर्तियों पर आचार संहिता का 'ग्रहण'!

**परिणाम जारी हो चुका है, उन भर्तियों में भी नई सरकार बनने के बाद ही मिल पाएंगी नियुक्तियां**

श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आचार संहिता लगने के साथ ही प्रदेश के लाखों युवाओं के सपनों पर पानी फिर जाएगा।

आचार संहिता लगने से राजस्थान लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन बोर्ड की करीब 50 हजार पदों की भर्तियां अटक जाएंगी। इसके साथ ही जिन भर्ती परीक्षाओं का परिणाम जारी हो चुका है, उनमें भी नियुक्तियां नहीं हो पाएंगी। वे भी संभवतः नई सरकार बनने के बाद ही मिल पाएंगी। ऐसे में पिछले कई सालों से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं का चुनाव से पहले सरकारी नौकरी का सपना आरपीएससी और एसएसबी के ढीले रवैये के कारण सपना ही रह जाएगा।

आरपीएससी और एसएसबी ने कई भर्तियों के परिणाम तो जारी कर दिए हैं, लेकिन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लम्बे प्रोसेस के चलते समय पर पूरी नियुक्ति नहीं मिल पाएंगी।



### लोक सेवा आयोग की भर्ती

- स्कूल व्याख्याता,
- वरिष्ठ अध्यापक भर्ती,
- ईओ\आरओ भर्ती ,
- पीटीआई भर्ती ,
- वरिष्ठ अध्यापक (सं.शि.विभाग)

### चयन बोर्ड की भर्तियां

- वनरक्षक भर्ती,
- सीएचओ भर्ती,
- कम्प्यूटर अनुदेशक,
- तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती
- चिकित्सा विभाग की भर्तियां
- एएनएम,
- जीएनएम,
- फार्मासिस्ट,
- रेडियोग्राफर,
- लैब टेक्नीशियन, ईसीजी

> सरकार जल्द से जल्द लंबित भर्तियों को पूरा कर चयनित बेरोजगारों को नियुक्ति प्रदान करे। और प्रस्तावित 1 लाख पदों की भर्तियों पर विज्ञापति जारी करे। यदि भर्तियां प्रभावित होती है तो कांग्रेस सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।
>
> **उपेन यादव,** प्रदेशाध्यक्ष बेरोजगार एकीकृत महासंघ

### इन भर्तियों में अटक सकती है नियुक्तियां

राजस्थान लोक सेवा आयोग की माध्यमिक शिक्षा विभाग में स्कूल व्याख्याता के 6 हजार पदों पर हुई भर्ती में कई विषयों के परिणाम आना बाकी है। वहीं, वरिष्ठ अध्यापक के 9760 पदों पर हुई भर्ती में ग्रुप सी और डी का परिणाम बाकी है। ईओ-आरओ भर्ती भी प्रक्रियाधीन है। ऐसे में इन भर्तियों के पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पाएगी। वहीं, चयन बोर्ड की जूनियर अकाउंटेंट, वनरक्षक भर्ती, कम्प्यूटर अनुदेशक, लाइब्रेरियन, पीटीआई सहित कई भर्तियों में नियुक्तियां अटकेंगी।

> जल्द से जल्द भर्तियों के परिणाम जारी कर नियुक्तियां देनी चाहिए। कई सालों से युवा सरकारी नौकरी को आस लगाए बैठे हैं, लेकिन आयोग की लेटलतीफी के कारण अभ्यर्थियों को नुकसान झेलना पड़ रहा हैं। नियुक्ति नहीं हुई तो सरकार को युवाओं का आगामी चुनावो में विरोध झेलना पड़ेगा।
>
> **मनोज मीणा,** युवा शक्ति महासंघ

**विकास कार्यों का शिलान्यास**

## जनहित में कार्य करने से पीछे नहीं हटूंगा: जोशी



बेधड़क | जयपुर

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने मंगलवार को हवा महल विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र के खोरा जयसिंहपुरा में पानी की टंकी का शिलान्यास किया, वहीं मानबाग से बस स्टैंड की चौड़ाई एवं मरम्मत कार्य का शिलान्यास भी किया। मानबाग से दो नंबर बस स्टैंड तक सड़क काफी छोटी होने के कारण यातायात के साधनों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार लंबा जाम लगने के कारण एम्बुलेंस निकल नहीं पाती थी। महेश जोशी ने कहा कि यह एक बहुत बड़ी समस्या थी। जयसिंहपुर के लोग इसके लिए लगातार मांग कर रहे थे। सड़क चौड़ी करने के कारण जिन लोगों को परेशानी हो रही है, जिनकी दुकान टूटेगी उनको समझाया जाएगा। उसके बाद में भी अगर मेरा विरोध होता है तो मैं जनता के हित में कार्य करने से पीछे नहीं हटूंगा। सड़क का निर्माण हर हाल में होकर रहेगा। जोशी ने कहा जहां तक सड़क चौड़ी होगी, वहां तक निशान लगा दिए गए हैं। रोड का काम जल्द पूरा होगा हक के साथ जितना बनता है व्यापारियों को मुआवजा भी देंगे। जोशी ने कहा कि जयसिंहपुरा में दो टंकियां के बनने से काफी हद तक पानी की पूर्ति होगी। लगभग 33 हजार लोगों की आबादी तक पानी पहुंचेगा।

## दीनदयाल स्मृति व्याख्यान कल

**जयपुर।** एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एंव विकास प्रतिष्ठान की ओर से दीनदयाल स्मृति व्याख्यान गुरुवार को बिड़ला सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में धर्म दण्ड, धर्म राज्य एवं संवैधानिकता विषय पर चर्चा होगी। इसके मुख्य वक्ता डॉ. चन्द्र प्रकाश द्विवेदी होंगे। कार्यक्रम की प्रस्तावना भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. महेश चन्द्र शर्मा रखेंगे। एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया जाता है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


निलंबित महापौर ने HC में फिर लगाई याचिका, सुनवाई आज

## मुझे कानून से विपरीत और तथ्यों के परे किया गया निलंबित: मुनेश गुर्जर

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज की निलंबित महापौर मुनेश गुर्जर ने मंगलवार को अपने निलंबन आदेश को एक बार फिर हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने एक बार फिर उन्हें कानून से विपरीत और तथ्यों से परे जाकर निलंबित किया है। अब हाईकोर्ट मुनेश गुर्जर की याचिका पर 27 सितंबर को सुनवाई करेगा। स्वायत्त शासन विभाग ने 22 सितंबर को मुनेश गुर्जर को प्राथमिक जांच रिपोर्ट के बाद निलंबित कर दिया था। इससे पहले भी 5 अगस्त को सरकार ने मुनेश गुर्जर को निलंबित किया था। पहले निलंबन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। स्वायत्त शासन विभाग ने अपने निलंबन आदेश में कहा है कि ट्रैप की कार्रवाई के बाद मामले में महापौर को प्रथम दृष्ट्या दोषी माना गया है। ऐसे में उनकी भूमिका संदिग्ध हो जाती है। वहीं, मामले की न्यायिक जांच विधि विभाग में लंबित है। ऐसे में मुनेश के महापौर रहने से लंबित न्यायिक जांच को प्रभावित करने की संभावना है।



## रास नहीं आ रहा अंडरपास



*__जयपुर।__ ट्रैफिक लाइट मुक्त बनाने के उद्देश्य से बनाए गए पहले लक्ष्मी मंदिर तिराहा अंडरपास वाहनचालकों को रास नहीं आ रहा है। लक्ष्मी मंदिर तिराहे के कट बंद होते ही लोगों ने शॉर्ट कट अपनाना शुरू कर दिया है। सड़क पार करने के लिए डिवाइडर को ही तोड़ कर जा रहे हैं। वहीं वाहन चालकों के गलत दिशा में जाने से टोंक रोड की ओर से आ रहे लोगों को भी परेशानी हो रही है।*



फोटो: राजेश कुमावत

गीला और सूखा कचरा इकट्ठा करने की मुहिम चलाई थी नगर निगम ने

# इंदौर में 6 तरीके से, हम दो तरह से भी ढंग से नहीं उठा पा रहे कचरा

बेधड़क | जयपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में देश भर में पहला पायदान हासिल करने की कवायद में जयपुर के दोनों नगर निगम भले कागजों में इंदौर की बराबरी कर रहे हों, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए जहां इंदौर कचरे को छह अलग-अलग भागों में बांट कर शहर को स्वच्छ बना रहा है, वहीं ग्रेटर और हेरिटेज निगम हूपर में बनाए सूखा और गीले कचरे के कम्पार्ट में भी कचरे को सही ढंग से नहीं डलवा पा रहे हैं। सड़कों पर रोजाना इन हूपरों से कचरा सड़क पर फैलता जाता है, लेकिन शहर की सफाई का जिम्मा सम्भालने वाले अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।




### ग्रेटर में औसतन 1400 टन कचरे का रोज संग्रहण

नगर निगम ग्रेटर ने कचरा संग्रहण करने की जिम्मेदारी शहर में निजी कम्पनी को दे रखा है। शहर में पांच लाख घरों से कचरे का संग्रहण करने का कंपनी का टारगेट है। 520 से ज्यादा हूपर शहर में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण करते हैं। कंपनी द्वारा निगम के आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन 1400 टन कचरे का संग्रहण किया जाता है। इसके लिए निगम कंपनी को प्रति टन के हिसाब से करीब 1750 रुपए का भुगतान करती है।

### हरे में गीला, नीले डस्टबीन में सूखा कचरा


हूपर में लगे हरे डस्टबिन में गीला कचरा इकट्ठा किया जाता है, जिसमें रसोई का कचरा, फल के छिलके, सड़े फल, सब्जी, बचा भोजन आदि को डालना होता है। वहीं नीले डस्टबिन में सूखा कचरा डाला जाता है, जिसमें प्लास्टिक, बोतलें, कागज कप, प्लेट, पैकेट अखबार, डिब्बे, बॉक्स, पुराने कपड़े, डायपर, सेनिटरी नैपकिन, पट्टियां, टिशू पेपर, रेजर, प्रयोग में लाई हुई सीरिंज, ब्लेड, स्लाइन की बोतलें आदि को कागज में लपेटकर सूखे कचरा वाले डस्टबिन में डालना है

### इंदौर में इस तरह से हो रहा कचरा प्रबंधन

इंदौर में कचरे को गीला कचरा, सूखा कचरा, हानिकारक घरेलू कचरा, घरेलू बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट और प्लास्टिक वेस्ट जैसे कचरे को कुल 6 टाइप्स में बांटा गया है। इंदौर नगर निगम में 8500 से भी ज्यादा सफाई मित्र शहर को साफ रखने के लिए दिन-रात तीन शिफ्ट में काम करते हैं। वहीं, इंदौर में 90% से अधिक घरों तो लोग ही अपने कचरे को अलग करते हैं, जिससे कचरा संग्रहण करने में सफाई कर्मचारी को भी ज्यादा दिक्कत नहीं होती है।

### देश के सभी राज्यों को सतर्क रहने की बेहद जरूरत

# कोरोना से भी खतरनाक निपाह



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

पिछले दिनों केरल के कोझिकोड जिले में दो लोगों की निपाह वायरस के संक्रमण से मौत हो गई। अभी एक और 39 वर्षीय व्यक्ति के निपाह वायरस से संक्रमित होने का समाचार है। यह व्यक्ति निपाह वायरस से संक्रमित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आया था जिसकी 30 अगस्त को मृत्यु हो गई थी। केरल में अब तक निपाह वायरस से संक्रमण के मामले बढ़कर चार हो गए हैं। निपाह के संक्रमण को देखते हुए राज्य और समीपवर्ती तमिलनाडु तथा कर्नाटक की सीमा से लगे जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं और केरल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उन सभी लोगों की जांच का फैसला किया गया है जो संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आए हैं। अभी निपाह वायरस से संक्रमित एक नौ साल का लड़का वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। इसके अलावा अन्य प्रभावित लोगों की हालत स्थिर है।

इस वायरस के प्रकोप को फैलने से रोकने के राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। यहां तक कि जिले के सभी पूजा स्थलों सहित किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभाओं या कार्यक्रमों के आयोजन के खिलाफ सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दैनिक आवश्यक सामग्री और मेडिकल की दुकानों को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक खोले जाने के साथ पूजा स्थलों के बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। यहां तक कि कर्नाटक सरकार ने राज्य के लोगों को निपाह वायरस के संक्रमण से बचने की खातिर राज्य के लोगों से अनावश्यक रूप से केरल की यात्रा न करने, सीमावर्ती जिलों में बुखार की निगरानी तेज करने, राज्य के स्वास्थ्य कर्मचारियों को इसके बचाव संबंधित प्रशिक्षण देने व आपात स्थिति से निबटने हेतु जिला अस्पतालों में अतिरिक्त बिस्तर तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जुगल किशोर की मानें तो निपाह वायरस को लेकर सभी राज्यों को सतर्क रहने की बेहद जरूरत है। इसका प्रसार केरल के बाहर भी हो सकता है। खासतौर पर वहां जहां तापमान अधिक है और उमस ज्यादा है। वहां इसके प्रसार की संभावना सबसे अधिक है। आईसीएमआर के महानिदेशक राजीव बहल ने कहा है कि भारत में निपाह वायरस संक्रमण के इलाज के लिए ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबाडी की बीस और खुराक मंगाई जाएंगी। भारत को 2018 में ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की कुछ खुराकें मिली थीं जो आज केवल 10 रोगियों के लिए ही उपलब्ध हैं। देश में अभी तक किसी को भी यह दवाई नहीं दी गई है। इस बारे में केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज का कहना है कि राज्य में निपाह वायरस से प्रभावित पहले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। इसके बाद उसके मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर उस स्रोत और उसके स्थान की तलाश शुरू कर दी गई है जहां से वह संक्रमित हुआ था। इसके साथ ही केन्द्रीय दल वायरल लोड का पता लगाने के लिए चमगादड़ के नमूने इकट्ठा कर रही है। सरकार छठे व्यक्ति के संपर्क का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है जिसके बीते शुक्रवार को इस वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी।

उनके अनुसार कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में 21 लोग और मातृ शिशु स्वास्थ्य संस्थान में दो बच्चे पृथक वास यानी क्वाराइंटाइन में हैं। अब संक्रमण का कोई नया मामला प्रकाश में नहीं आया है, जबकि 94 नमूनों में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है जो राहत की बात है। संतुष्टि की बात तो यह है कि ये नमूने उन लोगों के थे जो उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के संपर्क में थे। वीना जार्ज के अनुसार संक्रमित सभी लोग संक्रमण की पहली लहर में प्रभावित हुए हैं।

संक्रमण के ये मामले दो समूहों में आए हैं। एक समूह में उस व्यक्ति के परिवार के दो सदस्य हैं जो पहला मामला था और दूसरा वह व्यक्ति है जो अस्पताल में उनके संपर्क में आए थे। यह सभी क्वारंटाइन कर दिए गए हैं। पहले मामले में जिस व्यक्ति की पहचान हुई, उसकी 30 अगस्त को मृत्यु हो गई थी। उसकै नौ वर्षीय बेटे और दो अन्य का इलाज किया जा रहा है। राज्य में दूसरी मौत 11 सितम्बर को हुई। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि संपर्क वाले लोगों की तादाद लगातार बढ़ रही है। शनिवार से पहले जो तादाद 1080 थी, उसमे शनिवार को 130 का इजाफा और हो गया। इनमें 327 स्वास्थ्य कर्मी और 22 मल्लापुरम के लोग शामिल हैं। यदि इतिहास पर नजर दौडाएं तो पाते हैं कि निपाह की पहचान सबसे पहले 1998 और 1999 में मलेशिया में हुई थी। वहां जहां सबसे पहले इसके संक्रमित व्यक्ति का पता चला, उस इलाके का नाम निपाह था जिसकी वजह से इसका नाम ही निपाह पड़ गया। उसके बाद से तो इसके मामले सिंगापुर, बांग्लादेश और भारत में सामने आते रहे हैं। इसके अलावा दूसरे देशों में भी इसके मामले सामने आते रहे हैं।2001 में पहली और 2007 में दूसरी बार देश में पश्चिम बंगाल में इस वायरस ने अपने पैर पसारे। 2018 में भारत के केरल में संक्रमित हुए 23 लोगों में से 21 की मौत हुई। अब यह चौथा मौका है जब केरल में कोझिकोड में इसके दो मरीज मौत के मुंह में चले गए हैं। असलियत में यह एक जूनोटिक बीमारी है। इसका वायरस चमगादडों में पलता और बढ़ता है। यह सूअर और घोड़ों के जरिए इंसानों तक पहुंचता है। यह वायरस इंडोनेशिया, कंबोडिया, फिलीपींस, थाईलैंड, मेडागास्कर, घाना आदि देशों के चमगादड़ों में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। इसकी खासियत यह है कि भले ही इसका संचरण जानवरों से इंसानों तक में होता है लेकिन इसका प्रसार इंसान से इंसान में तेजी से होता है। यहां इस तथ्य को भी नकार नहीं सकते कि कोविड के दौरान चमगादड़ और इन पर किया जा रहा शोध-अनुसंधान काफी विवाद के विषय रहे थे। यह भी सच है कि चमगादड़ निपाह के साथ-साथ अनेकों मालूम और नामालूम वायरसों के भंडार होते हैं। इस नजरिए से चमगादड़ों पर शोध-अनुसंधान बेहद जरूरी है।


यह भी गौरतलब है कि निपाह के लक्षण अन्य दूसरी श्वसन संबंधी बीमारियों जैसे ही होते हैं। सबसे अहम बात यह है कि दावा भले कुछ भी किया जाए परंतु अभी तक निपाह का कोई इलाज नहीं है और न ही कोई टीका आज तक ईजाद हो पाया है। हां लक्षणों के अनुसार ही इसका इलाज किया जाता है। जहां तक मोनोक्लोनल एंटीबॉडी का सवाल है, देश में अभी तक किसी को यह दवाई नहीं दी गई है। इसके बावजूद इस दवाई के शीघ्र ऑस्ट्रेलिया से आयात करने का केन्द्र सरकार से केरल सरकार ने अनुरोध किया है। देखना यह है कि यह कब आ पाती है और कितनी कारगर है। इसका अभी परीक्षण ही चल रहा है। भारतीय चिकित्सा एवं अनुसंधान परिषद का केरल में निपाह वायरस से संक्रमितों की तादाद में बढ़ोतरी पर चिंतित होना स्वाभाविक है। परिषद की मानें तो कोरोना संक्रमण से निपाह वायरस कई गुना ज्यादा घातक है। निपाह वायरस की मृत्यु दर कोरोना से कई गुना ज्यादा है। निपाह वायरस में मृत्यु दर 49-79 फीसदी के बीच है यानी निपाह वायरस से संक्रमित 100 मरीजों में से 40 से 70 लोगों की जान जा सकती है। जबकि कोरोना संक्रमित की मृत्यु दर सिर्फ 2 से 3 ही थी। ऐसे में निपाह वायरस की गंभीरता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वैसे ताजा निपाह वायरस के संक्रमण को देश का स्वास्थ्य विभाग खतरनाक मानने को तैयार नहीं है।

यह आश्चर्यजनक नहीं तो क्या है, जबकि इसका अभी तक कोई इलाज नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वह इस मामले में संजीदा है और संक्रमित इलाकों की घेराबंदी कर जांच कर रहा है। विभाग के अनुसार कोरोना से निपटने का हमें अनुभव है और हम मुस्तैदी से इस पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। उस हालत में जबकि भारतीय चिकित्सा एवं अनुसंधान परिषद इसे कोरोना से भी घातक और खतरनाक करार दे चुका है। परिषद के डीजी राजीव बहल के अनुसार अब देश में एक नेशनल हेल्थ रिसर्च प्रोग्राम की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत संक्रामक बीमारियों के लिए 12 अहम बिंदुओं की पहचान कर ली गई है। इनमें एक से दूसरे में न फैलने वाले संक्रामक रोग, बच्चों के जन्म से जुड़ी समस्याएं और पोषण सहित प्राथमिक स्वास्थ्य एवं देखभाल पर अध्ययन किया जाएगा। इस दृष्टि से वह चाहे जीका हो, नोरो आदि जूनोटिक बीमारियों, चिकनगुनिया हो, डेंगू हो,फ्लू हो, सार्स हो या फिर सीओबी-2 और श्वसन सम्बंधी दूसरी बीमारियों का समय पर निगरानी, देखभाल व उपचार संभव हो सकेगा। निष्कर्ष यह कि यदि हम ऐसी बीमारियों का वास्तव में प्रकोप कम करना चाहते हैं और इसके इलाज के प्रति हम बचनवद्ध हैं और ईमानदारी से जनता को इनसे निजात दिलाना चाहते हैं तो हमें समग्रता में काम करना होगा और जूनोटिक बीमारियों के खिलाफ संयुक्त कार्य योजना विकसित कर केन्द्र व राज्य स्तर के बीच समन्वय स्थापित करना होगा। यह काम स्थानीय निकाय के सहयोग के बिना असंभव होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

*निपाह वायरस में मृत्यु दर 49-79 फीसदी के बीच है यानी निपाह वायरस से संक्रमित 100 मरीज में से 40 से 70 लोगों की जान जा सकती है। जबकि कोरोना संक्रमित की मृत्यु दर सिर्फ 2 से 3 ही थी। ऐसे में निपाह वायरस की गंभीरता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वैसे ताजा निपाह वायरस के संक्रमण को देश का स्वास्थ्य विभाग खतरनाक मानने को तैयार नहीं है। यह आश्चर्यजनक नहीं तो क्या है जबकि इसका अभी तक कोई इलाज नहीं है।*

*“केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जार्ज का कहना है कि राज्य में निपाह वायरस से प्रभावित पहले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। इसके बाद उसके मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर उस स्रोत और उसके स्थान की तलाश शुरू कर दी गई है जहां से वह संक्रमित हुआ था। इसके साथ ही केन्द्रीय दल वायरल लोड का पता लगाने के लिए चमगादड़ के नमूने इकट्ठा कर रहा है। सरकार छठे व्यक्ति के संपर्क का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है जिसके बीते शुक्रवार को इस वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। उनके अनुसार कोझिकोड मेडीकल कालेज में 21 लोग और मातृ शिशु स्वास्थ्य संस्थान में दो बच्चे पृथक वास यानी क्वारंटाइन में हैं।”*



### व्यंग्य

## अब दादुर वक्ता भए हमको पूछे कौन



अभिषेक तिवारी
व्यंग्यकार

काम- धंधे संबंधी एक मसले ने बीते कई दिनों से उलझा रखा था और मैं कोई निर्णय नहीं ले पा रहा था और समस्या भी ऐसे की हरेक से चर्चा नहीं की जा सकती थी। तो शनिवार को सोचा कि क्यों न इस अनिश्चय वाली स्थिति को खत्म करने के लिए रायचंद से मिला जाए?

मैंने सोचा कि कल रविवार भी है तो रायचंद के साथ फुर्सत में चाय भी पिएंगे और अपने मसले की चर्चा भी कर लेंगे। यह रायचंद मेरे बचपन के मित्र हैं। न न रायचंद इनका असली नाम नहीं है, इनका काम तो अमित प्रसाद है और यह स्कूल के जमाने से ही हमारे ख़ास मित्र जो बहुत ही मेधावी किस्म के हैं और शुरुआत से ही टॉप करते आ रहे हैं। बस एक ही कमी है, हरेक को बिना मांगे सलाह देने, और अपने अनुभव का निचोड़, किस्से और कहानियां सुनाने के शौकीन हैं। अधिकांश विषयों पर गहरी पकड़ है इनकी और इसलिए जान पहचान वालों से लेकर अनजान लोगों तक को हर विषय पर मांगे - बिन मांगे राय देने से बाज नहीं आते हैं। वैसे राय यह पूरे दिल से देते हैं और सामने वाले का भला ही चाहते हैं लेकिन इसके अच्छे और बुरे दोनों तरह के नतीजे सामने आते हैं। इनकी राय मानकर इनके सगे ताऊजी ने अपनी लगी लगायी सरकारी नौकरी छोड़कर बिजनेस शुरू कर दिया जिसका दीवाला निकल गया तो वहीं ट्रेन में सामने की बर्थ पर मिले वर्मा साहब को इनकी राय की बदौलत शेयर बाजार में जोरदार मुनाफा हो गया। इनकी राय देने की इसी आदत या ऐसा कहिए लत के कारण अब यह जमाने भर में रायचंद के नाम से ही जाने जाते हैं और निमंत्रण पत्र तक में इनका असली नाम तो कोष्ठक में लिखा जाता है और रायचंद नाम से ही कार्ड भेजा जाता है। खैर, रविवार सुबह नहा धोकर और नियमित कामकाज कर हमइनके घर पहुंचे और दोनों दोस्तों ने खूब गप्पी मारीं। जब बहुत देर हो गई तो रायचंद बोला कि अब बताओ आए क्यों हो? क्योंकि बगैर मतलब के तो तुम सांस भी नहीं लेते तो आज इतनी देर से यहां पर क्यों हो? तो मैंने उससे कहा कि एक मसले में तुम्हारी सलाह चाहिए। बस यह सुनते ही रायचंद के चेहरे से मुस्कराहट गायब हो गई और आंखों में निराशा और क्रोध के मिश्रित भाव दिखने लगे। सलाह मांगने पर हमेशा आगे बढ़कर स्वागत करने वाले मेरे इस दोस्त की आज भृकुटि तनी देखकर मैं दंग रह गया और मैंने पूछा कि भाई रायचंद क्या हुआ नाराज क्यों हो गया अभी तो मैंने मसला भी नहीं बताया है? रायचंद पलट कर बोला कि मत कहो मुझे रायचंद। मेरा जो असली नाम है वही कहो।

मैंने पूछा कि क्या हुआ बंधू इस नाम से इतनी नाराजगी? कभी तो तुम इसे सुनकर खुश होते थे आज क्या हुआ? रायचंद बोला कि मैंने सलाह देना बंद कर दिया है। आश्चर्यचकित होकर मैंने पूछा कि सलाह देना क्यों बंद कर दिया? इस पर रायचंद के अंदर का ज्वालामुखी पड़ा। बचपन में कॉमिक्स में पढ़ते थे कि जब साबू को गुस्सा आता है तो जुपिटर पर ज्वालामुखी फटता है लेकिन यहाँ तो धरती पर ही फट रहा था। वो बोलता जा रहा था “क्या करोगे तुम सलाह लेकर? आज का जमाना सलाह देने और लेने का रहा ही नहीं है मेरे दोस्त। दुनिया बदल गई है। “ मैंने पूछा कि भाई ऐसा क्या हो गया? तो रायचंद के अंदर से दुःख का लावा निकलने लगा। वो बोला कि यह मशीनी युग है। यहां भावनाओं की कोई जगह नहीं है। लोग अपने बड़े-बूढ़ों परिवार ,माता- पिता की सलाह नहीं लेते बल्कि अपना काम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से करवाते हैं। कोई सलाह चाहिए होती थी तो पिता जी से पूछते थे, दादा जी के अनुभव से सीखते थे लेकिन आज हमारा अधपका दिमाग सबकछ गूगल से जानना चाहता है और वहां से आधी-अधूरी जानकारी समझ कर खुश हो रहा है। बच्चों को अब दादी-नानी की कहानियां नहीं सुनायी जातीं उनकी जगह पर अलेक्सा आ गई है अरे तकनीक अच्छी बात है लेकिन क्या हम लोगों के अनुभव , ज्ञान, समझ और भावनाओं से ऊपर हो गई है? हम छोटे थे तो हमारी दादी कहानियां सुनाती थी वो पल आज तक हमें याद हैं लेकिन क्या अलेक्सा वही दुलार अब के पोते - पोतियों को दे सकती है? अब तो इन सबका बाप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आ गया है पर तुम यह बताओ कि क्या ये सब हम इंसानों की जगह ले सकते हैं? बूढ़े मां-बाप जो ज्ञान के भंडार थे वो अकेले पड़े हैं, उनसे सलाह और अनुभव जानना छोड़ दिया और अपना सारा जीवन टेक्नोलॉजी को सौंप दिया है जो न जाने क्या क्या सलाह देती रहती है और ऐसे ऐसे सामान खरीदवा देती है जिसकी पहले तुम्हें आवश्यकता ही नहीं लगती थी। मुझे चुपचाप सुनता देख कर अब रायचंद का पारा उतर रहा था। “तो इसलिए मैंने सलाह देनी बंद कर दी कि जब तुम लोगों को मशीनों पर ही निर्भर रहने का शौक है तो उन्हीं से सब काम करवा लो पर याद रखना उनके पास तुम्हारी पीड़ा और भावनाओं को समझने वाला दिल नहीं है जो हम इंसानों के पास है। “ रायचंद बोला।

फिर अचानक कहने लगा कि “अब तुमसे दिल की बात कर ली है तो गुस्सा शांत हो गया है, बताओ क्या सलाह चाहिए” और अपनी पत्नी को एक और प्याली चाय के लिए आवाज देने लगा “अरे हम दोनों के लिए एक -एक प्याला चाय और ला दो” पर घर में नए आए स्मार्ट टीवी पर सेटिंग करने में लगी उनकी पत्नी ने आवाज सुनी नहीं तो रायचंद का दर्द पूरा बाहर आ गया और उसके मुंह से अयास ही निकला “अब दादुर वक्ता भए हमको पूछे कौन”।

### नॉलेज कॉर्नर: यहां की राजधानी में फहराया गया पहली बार तिरंगा

# 572 द्वीपों का समूह ‘अण्डमान और निकोबार’

अंडमान निकोबार द्वीप समूह का नाम लगभग हर किसी ने सुना है, लेकिन इसके इतिहास से कुछ ही लोग वाकिफ है। सुंदरता और शांत वातावरण कि मिसाल के रूप में इसे जाना जाता है। यह हिन्द महासागर के निर्मल और शांत जल बसा हुआ है। यही कारण है कि बरबस पर्यटक इसकी ओर खींचे चले जाते हैं। जो भी पर्यटक अंडमान निकोबार जाता है वह आनंद की अनुभूति पाता है। यह न सिर्फ भारत का एक लोकप्रिय द्वीप समूह है, बल्कि दो देशों को अलग करने वाला भारतीय द्वीप भी है। दुर्लभ वनस्पतियां, मूंगा भित्ति, असीम महासागर इसकी खास विशेषताएं हैं। इस बारे में विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

#### हिन्दू देवता के नाम पर नामकरण

ऐसा माना जाता है कि अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह का नाम भगवान हनुमान के नाम पर पड़ा। दरअसल अण्डमान शब्द मलय भाषा के हांदुमन शब्द से आया, जो कि हिन्दू देवता हनुमान जी के नाम का परिवर्तित रूप माना जाता है। इसी भाषा से निकोबार शब्द लिया गया है, जिसका अर्थ नग्न लोगों की भूमि होता है। इतिहासकारों का कहना है कि पूर्व में इस द्वीप पर अंग्रेजों का आधिपत्य था। इसके बाद जब दूसरा विश्वयुद्ध हुआ तो इस दौरान जापान ने इस पर अधिकार जमा लिया।



यह द्वीप नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आज़ाद हिन्द फौज के अधीन भी रहा था, लेकिन महज कुछ समय के लिए। इस द्वीप की खास बात यह है कि भारत में सबसे पहले 30 दिसम्बर 1943 को तिरंगा यहीं फहराया गया था। इसलिए हर वर्ष 30 दिसम्बर को कार्यक्रम मनाया जाता है। 26 दिसंबर 2004 का दिन इस द्वीप के लिए कहर से कम नहीं था जब सुनामी लहरों के कारण लगभग छः हजार लोग मारे गये।


#### भौतिक स्वरूप

अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह एक केन्द्र शासित प्रदेश है, जो कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिण में हिन्द महासागर में स्थित है। यह दक्षिण पूर्व एशिया का भाग है। अण्डमान और निकोबार से इंडोनेशिया की दूरी महज 150 किलोमीटर है। अंडमान सागर इंडोनेशिया को थाईलैंड और म्यांमार से विभाजित करता है। इस द्वीप समूह में लगभग 572 छोटे बड़े द्वीप हैं। इसलिए इसे द्वीपों का समूह भी कहा जाता है। मगर सभी द्वीप रहने योग्य नहीं है, इसलिए इनमें से केवल कुछ ही द्वीपों पर लोग निवास करते हैं। इसमें कुल तीन जिलें हैं- उत्तर और मध्य अण्डमान, दक्षिण अण्डमान तथा निकोबार जिला।

#### राजधानी में तीन लाख लोग

*इस द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर है, जो कि एक अंडमानी शहर है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यहां 379,944 लोग रहते हैं, जिनमें से 202,330 पुरुष तथा 177,614 महिलाएं है। वर्ष 1897 में ब्रिटिश सरकार द्वारा यहां सेल्यूलर नामक जेल बनाई गई, जिसमें 694 कोठरियां है।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
Caste census भारत का X-Ray है! OBC कितने हैं? बाकी वर्ग के लोग कितने हैं? जब ये आंकड़े सामने आएंगे, तभी देश सबकी भागीदारी देकर आगे बढ़ पाएगा।



**अनुपम खेर,** अभिनेता
@AnupamPKher
कुछ दिलचस्प आने वाला है! इस स्थान की प्रतीक्षा करें!!!

**सीधे फील्ड से** | पाली जिले की 6 में से 5 सीटों पर भाजपा काबिज, किला ढहाना कांग्रेस के लिए चुनौती

# भाजपा के लिए सही मायनों में 'अभेद्य गढ़' रहा है पाली जिला...




■ पाली से चैनराज भाटी की रिपोर्ट.....

**बेधड़क** | पाली

पिछले दिनों राजस्थान की राजनीति में 'नाथी का बाड़ा' चर्चित हुआ था। इस कहावत की नायिका बड़े दिल वाली नाथी बाई पाली जिले की रोहट तहसील के भांगेसर की रहने वाली थी। नाथी बाई की तरह पाली जिला भी इन चुनावों में लाइमलाइट में है। अपनी टैक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए देशभर में पहचाने जाने वाले पाली जिले में भाजपा का गढ़ ढहाना कांग्रेस के लिए चुनौती साबित होने वाला है। पाली जिले की 6 विधानसभा सीटों में से पांच पर भाजपा काबिज है जबकि एक सीट पर निर्दलीय विधायक है। इस बार विधानसभा चुनाव से पहले जनता की समस्याओं के मुद्दे गौण हैं। अभी हर राजनेता की नजर टिकट पर है। टिकट की भागदौड़ में जनता की समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं है। हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस बार कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पाली को संभाग बनाने की घोषणा की। कांग्रेस का पलड़ा कुछ संतुलन में आया है, पर राह आसान नहीं होगी।

दूसरी ओर बीजेपी अपने गढ़ को बचाने की तैयारी में जुटी है। इस बार चुनाव बड़ा दिलचस्प होने की उम्मीद है। कई जगह निर्दलीय ताल ठोक सकते हैं। पाली जिले में प्रदूषण, पेयजल, बिजली, रोजगार, किसानों को बिजली जैसी कई समस्याएं मुख्य हैं। पाली, सोजत, जैतारण, सुमेरपुर, बाली व मारवाड़ जंक्शन विधानसभा आती है।

## विधानसभा वार वर्तमान स्थिति




### पाली

गुलाब हलवे के लिए प्रसिद्ध पाली विधानसभा में वर्तमान विधायक भाजपा से ज्ञानचंद पारख हैं। वह पिछले 25 साल से विधायक के पद पर काबिज हैं। पाली भाजपा का गढ़ माना जाता है। गत विधानसभा चुनाव में ज्ञानचंद पारख ने निर्दलीय भीमराज भाटी को 19386 मतों से हराया था। कांग्रेस उम्मीदवार महावीर सिंह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार कांग्रेस व भाजपा में जोरदार टक्कर होने की उम्मीद है। कांग्रेस-भाजपा दोनों में कई नेता बागी हो सकते हैं। अगर कोई निर्दलीय खड़ा हुआ तो त्रिकोणीय मुकाबला होगा।

■ **इस बार दावेदार**

**बीजेपी** - विधायक ज्ञानचंद पारख, राकेश भाटी, महेंद्र बोहरा, विनय बम्ब, सुनील भंडारी, भवरनाथ योगी।

**कांग्रेस**- भीमराज भाटी, महावीर सिंह सुकरलाई, जीवराज बोराणा, जबर सिंह राजपुरोहित सहित 30 नेता।

**प्रमुख समस्याएं**- प्रदूषण, पानी, बिजली

### जैतारण

जैतारण हाल ही ब्यावर जिले में शामिल हुआ है। यहां की पहचान सीमेंट कंपनियां हैं। विधानसभा में वर्तमान विधायक भाजपा के अविनाश गहलोत है। वह पहली बार विधायक बने हैं। जैतारण में कांग्रेस व भाजपा बार-बार सत्ता में आती रही हैं। विधायक अविनाश गहलोत चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार दिलीप चौधरी को हराकर विधायक बने थे। इस विधानसभा से पूर्व भाजपा के मंत्री सुरेंद्र गोयल बागी खड़े हुए थे। वह चुनाव हार गए थे। देशभर में खनिजों का बड़ा निर्यातक जैतारण राजनीति की कैसी फसल उगलता है यह देखने वाली बात होगी।

■ **इस बार दावेदार**

**भाजपा से**- विधायक अविनाश गहलोत, रमेश भाटी, महेंद्र कुमावत, मानवजीत सिंह, पुष्पेंद्र सिंह कुडकी।

**कांग्रेस से**- दिलीप चौधरी, सुरेंद्र गोयल, महेंद्र चौहान, राजेंद्र चौधरी, गोपाल सिंह ईडवा, किशोर चौधरी।

**प्रमुख समस्याएं**- पेयजल, रोजगार, टूटी सड़कें एवं बिजली।

### मारवाड़ जंक्शन

राजस्थान के प्रमुख रेलवे जंक्शन मारवाड़ जंक्शन से भाजपा दो बार से हार रही है। वर्तमान विधायक खुशवीरसिंह ज़ोजावर निर्दलीय हैं जो भाजपा प्रत्याशी केसाराम चौधरी से महज 251 वोट से जीते थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे की बगावत के कारण भाजपा के हाथ से यह सीट निकली थी। यहां सबसे अधिक मतदाता सीरवी समाज के है जो लगभग 60 हजार हैं, इसके बाद मेघवाल समाज के 40 हजार, देवासी,राजपूत व अन्य समाज के भी 10 से 15 हजार वोट हैं। दोनों पार्टियों के लिए बागियों से निपटना बड़ी चुनौती साबित होने वाला है। जातिगत आंकड़ों की बात करे तो सीरवी समाज का बाहुल्य है यही कारण है कि भाजपा यहाँ से हर बार सीरवी समाज को ही टिकट देती है।

■ **इस बार दावेदार**

**भाजपा** - पूर्व विधायक केसाराम चौधरी, हेमन्त चौधरी, गिरवर नाथ, पेमाराम सीरवी सहित अन्य नेता कतार में हैं।

**कांग्रेस**- खुशवीर सिंह ज़ोजावर, नगेन्द्र सिंह गुर्जर, नारायणसिंह आदि दावेदार हैं।

**प्रमुख समस्याएं**- बेरोजगारी है जिसके चलते बड़ी संख्या में युवा दूसरे राज्यों में रहते हैं। अशिक्षा, बिजली की कमी आदि दूसरी समस्याएं हैं।

### बाली

रणकपुर जैन तीर्थ व कुंभलगढ़ वन्य जीव अभ्यारण्य के लिए पहचानी जाने वाली बाली विधानसभा सीट 25 साल से भाजपा के पास है। भेरोसिंह शेखावत के बाद 20 साल से यह सीट पुष्पेंद्रसिंह राणावत जीत रहे हैं। इस सीट पर आज भी पुष्पेंद्रसिंह की पकड़ मजबूत है पर इस बार कार्यकर्ताओं में नाराजगी दिखाई दे रही है। हाल ही में आए विधायक प्रवास के दौरान पर्यवेक्षक को भी कहना पड़ा की पार्टी में व्यक्ति नहीं कमल और पार्टी ही सर्वोपरी है।

■ **ये हैं दावेदार**

**भाजपा से** - पुष्पेंद्रसिंह राणावत, एडवोकेट हिरसिंह राजपुरोहित, मुकेश राजपुरोहित, कुलदीप शर्मा दौड़ में हैं।

**कांग्रेस से**- अभिमन्युसिंह, दुर्गासिंह राठौड़, बद्रीराम जाखड़, रतन जनवा, चंद्रशेखर मेवाड़ा, जवंतराज मेवाड़ा आदि।

**प्रमुख समस्याएं**- प्रदूषण, पानी, बिजली

### सोजत

सोजत की मेहंदी देश भर की महिलाओं के हाथ पर रचती है और यहां की विधायक भी एक महिला शोभा चौहान हैं। बीजेपी की शोभा चौहान ने कांग्रेस की शोभा सोलंकी को हराया था। विश्लेषक उनके कार्यकाल को औसत मान रहे हैं इसलिए यहां कड़ी टक्कर है। क्षेत्र में चिकित्सा बिजली व पानी के प्रमुख मुद्दे हैं। सोजत से भाजपा टिकट के लिए लक्ष्मी बारूपाल एवं दो बार विधायक रही संजना आगरी भी प्रयास कर रही हैं। कांग्रेस के दावेदारों की बात करें तो अशोक गहलोत खेमे से पूर्व मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार निरंजन आर्य की प्रबल दावेदारी मानी जा रही है। सचिन पायलट खेमे से शोभा सोलंकी सहित अन्य उम्मीदवार चर्चा में हैं। इस सीट पर मेघवाल एवं सरगरा समाज का बाहुल्य जातिगत समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

### सुमेरपुर

सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में सुमेरपुर पंचायत समिति की सभी ग्राम पंचायतों के अलावा पाली और रानी पंचायत समिति की कुछ ग्राम पंचायत शामिल हैं। यहां हार जीत ओबीसी जातियों के मतों पर निर्भर रहती है। कांग्रेस का गढ़ होने के बाद भी पिछले दस साल में कांग्रेस की गूटबाजी से भाजपा दो बार लगातार जीत हासिल कर रही है। पाली सीट पर सीरवी-पटेल व जैन मतों का बाहुल्य है। क्षेत्र के अधिकांश गांव रोडवेज सेवा से वंचित हैं, जवाई का पानी गांवों में नहीं पहुंचा। कृषि मंडी परिसर में दुकानों की खरीद बेचान की डीएलसी दर बहुत अधिक है, जीरा मंडी अभी तक विकसित नहीं हुई, उपखंड मुख्यालय पर ट्रोमा सेंटर का अभाव, जिला अस्पताल में क्रमोन्नत नहीं हुआ, कन्या महाविद्यालय नहीं है, स्कूलों में शिक्षकों और होसपिटल में चिकित्सकों समेत नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी है व गांवों की सड़कें बदहाल।

■ **इस बार दावेदार**

**भाजपा से**- जोराराम कुमावत, मदन राठौड़, मंशाराम परमार, प्रताप सिंह बिटिया आदि।

**कांग्रेस से**- रंजू रामावत, शिशुपालसिंह, हरिशंकर मेवाड़ा, बीना काक, बद्रीराम जाखड़ आदि।

## बिहाइंड द कर्टेन

# साहब की नजर-ए-इनायत हो तो कोई बात बने




फूल वाली पार्टी के बड़े साहब का अलग रुतबा है। रुतबा भी ऐसा कि साहब के जाने के बाद भी उनके साथ की तस्वीर को नेता अलग-अलग एंगल से प्रस्तुत कर रहे हैं। साहब के साथ की फोटो को फोटो शॉप में अलग-अलग तरीके से सेट करवा कर मीडिया में जारी करवाया जा रहा है जैसे साहब के साथ नेताजी की बेहद गंभीर चर्चा हुई हो। इस जुगत में नेता और नेत्री दोनों ही लगे हुए हैं। जैसे किसी परीक्षा के बाद हर कोचिंग संस्थान सफल होने वाले छात्र को अपना स्टूडेंट बताता है, नेता जी भी इसी राह पर हैं। सब बखान कर रहे हैं कि साहब ने हमसे ये कहा, हमसे वो कहा। यह बात और है कि बड़े साहब का आना, किससे कितनी बात करना सबकी स्क्रिप्ट पहले से तय होती है। बात करें दूसरी पार्टी की तो, कमल वाले बड़े साहब की रैली धांसू रही। भीड़ भी उमड़ कर पड़ी। भीड़ ने हाथ वाली पार्टी के नेताओं को शायद सदमे ला दिया। तब ही तो बड़े साहब के भाषण पर किसी नेता ने पलटवार की रस्मअदायगी तक नहीं की। हर मामले में कूदने वाले जयपुर वाले सिंह साहब की चुप्पी, हाथ वाली पार्टी का चप्पू थामे शेखावाटी के लाल की खामोशी कार्यकर्ताओं में चर्चा का इश्यू है। क्योंकि बात तो वही होती है जो समय पर बोल दी जाए। अकेले भाईसाहब बोले। वो तो रोज ही बोलते हैं। बाकी नेताओं को क्या हो गया, यायावर पता लगाने की कोशिश में है। बाकी सब तो चलता ही रहेगा। ■ यायावर

## थड़ी पॉलीटिक्स




### कोई नेता घर से छूट नहीं दे रहा
# टैक्स देता हूं टैक्स

**स्थान** अपेक्स मॉल, टोंक रोड, जयपुर | **समय** शाम 7.30 बजे

*शाम का सुहाना मौसम। पतीले में खौलती चाय से निकलती महक। यहां वहां जमी मंडलियां। कयास, संभावना व आशंका से भरी भविष्यवाणियों तक का दौर। राज्य की नई सरकार बनने का समय है, तो हर बात घूम फिरकर राजनीति तक पहुंच ही जाती है। बीच-बीच में इधर-उधर मोबाइल फोन्स से आती नोटिफिकेशन्स की आवाजें जैसे यहां चल रहे 'राजराग' से ताल मिला रही हैं।... "इस बार तो हर बार का सिस्टम बदलता दिख रहा है। पिछली बार तो नई सरकार बनने से छह महीने पहले ही दिख गया था कि कौन भारी है। पर इस बार तो कोई पता ही नहीं चल रहा।" पेड़ के नीचे लोहे के खाली डिब्बों पर जमी मंडली में से पवन ने चर्चा छेड़ी तो सामने मोबाइल की स्क्रीन स्क्रॉल कर रहे पुनीत की जैसे नींद टूट गई- "ऐसा कुछ नहीं है, कल देखा नहीं क्या मोदी की सभा में क्या हालत थी जनता की। ये रैली अगर यहां अल्बर्ट हॉल पर होती तो पूरा शहर ही जाम हो जाता। भाई, कम से कम दो लाख लोग तो होंगे ही, अखबार देखे क्या, जनता का तो रेला ही उमड़ गया था। अब तो लगता है निपट गई सरकार।" मंडली में से ही अंकुर की ये सुनकर जैसे बांछें खिल गई- "अरे भाई अब भूल जाओ, अंदर ही अंदर खेल हो गया है। जब रिजल्ट आएगा तब देखना।" पवन ने चाय की चुस्की लेते हुए फिर अपनी बैटिंग संभाली- "अरे छोड़ो, तुम लोगों को चुनाव आते ही याद आई है क्या, इतने दिन क्या सो रहे थे। सीएम ने जो एक साल में किया है वो काफी है रिपीट होने के लिए। और जो भीड़ तुमको दिख रही है वो कैसे जुटती है, सब जानते हैं। भीड़ जुटाना अलग बात है, वोट जुटाना दूसरी बात। तुम्हारे पास नेता तो कोई है नहीं और बात करते हो चेंज की।" पवन ने जैसे गरमा गरम चाय में पुनीत और अंकुर की उंगली डाल दी हो, दोनों एक सुर में बोले- "अरे तो तुमने कौनसा तीर मार लिया। ये भी तो चुनाव सिर पर आया तभी तो जागे हैं। जनता सब जानती है, बिजली के लालच में नहीं आने वाली है।" पवन ने भी पुनीत को घेरा- "अरे तो तुझे दिक्कत है तो तेरे बिल में छूट मिले तो उसको सरकारी खाते में जमा करवा दे ना वापस।" इस यॉर्कर का जवाब पुनीत शायद यही दे सकता था जो उसने चाय की आखिरी चुस्की लेते हुए दिया- "कोई नेता अपने घर से नहीं दे रहा छूट, टैक्स देता हूं टैक्स।" और ठहाकों के साथ चाय के कप खाली कर मंडली के 'विश्लेषक' कल तक के लिए अपने-अपने काम पर निकल पड़े।*

## पॉली क्लिक्स



*राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा के हाथ में यह लठ उनकी प्रदेश की राजनीति में ताकत को दिखा रहा है। हालांकि एक समय पार्टी के बिना अपने दम पर भाग्य आजमा चुके मीणा को कुछ खास नहीं मिल पाया था, लेकिन इस बार 'भीड़' का ऊंट किस करवट बैठेगा, इसका प्रदेश को इंतजार है-*

## पॉली टून




## इतिहास के झरोखे से



■ **गुलाब बत्रा**, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# युद्ध और प्यार में सब जायज है... तो चुनाव भी अब इसी ढर्रे पर

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसे लेकर कोई विवाद नहीं है। अलबत्ता लोकतंत्र खत्म होने या कमजोर करने के सवाल पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला पिछले कुछ वर्षों में तेज हुआ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेशों में दिए जाने वाले बयान आग में घी डालते हैं तो ऐसी प्रतिक्रिया से भाजपा इंदिरा युग में आपातकाल का राग अलापती है। इसी से लोकतंत्र का संगीत गूंजता है और बुद्धिजीवी वर्ग भाषा की मर्यादा के बाण चलाता है। टीवी चैनलों पर राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं की तथाकथित मुर्गा लड़ाई में लोकतंत्र को महज चुनाव तक सीमित नहीं रखने की नसीहत भी बहस का मुद्दा बनती है। मजे की बात यह है कि प्रायः सभी राजनीतिक दल येन-केन-प्रकारेण चुनाव की जुगत में रहते हैं। वैसे भी संविधान 1950 में लागू हुआ और 1951-52 से चुनाव का श्रीगणेश हो गया। हालांकि स्वाधीनता प्राप्ति और देश विभाजन से पहले राज्यों में अंतरिम सरकारों का गठन आरंभ हो गया था। चूंकि स्वाधीनता आंदोलन में कांग्रेस पार्टी के नेता अग्रणी भूमिका में थे, लिहाजा ब्रिटिश हुकूमत के अंतर्गत सत्ता में उनकी भागीदारी थी। ऐसे राजनीतिक नेतृत्व के बावजूद पहले जनसंघ और बाद में भाजपा के रूप में परिवर्तित दल के नेतृत्व पर हमेशा चुनावी मोड पर रहने का आरोप लगाया जाता है। ऐसी स्थिति लाने का श्रेय भी कांग्रेस नेता इंदिरा गांधी को दिया जाना चाहिए जिन्होंने 1952 से 1967 तक हुए चुनाव के बाद लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के नाते आम चुनाव की श्रृंखला को तोड़ दिया। भारत पाक युद्ध में बांग्लादेश के अस्तित्व ने मध्यावधि चुनाव का सूत्रपात किया। और यह सूत्र एवं पात साल दर साल चुनाव का प्रतीक बन गया। कहते हैं न कि युद्ध और प्यार में सब कुछ जायज है तो चुनाव भी इसी धारा का अंग बन गया है।

देशी रियासतों की जकड़न से मुक्त नवगठित राजस्थान में पहला आम चुनाव किसी कौतुहल से कम नहीं था। चुनाव कराने वाली मशीनरी और मतदान करने वाली जनता के बीच कैसी केमिस्ट्री रही- इससे जुड़े सूत्रों की गुदगुदाहट और रोमांचक किस्सों की लम्बी फेहरिस्त से पाठकगण रू-ब-रू होंगे।



*प्रथम मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री केंद्रीय नेताओं के साथ।*






## छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध भाजपा ने जारी किया आरोप-पत्र, कई मुद्दों को लेकर घेरा

# बघेल सरकार में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद व घोटाले, चुनावी वादे अधूरे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के खिलाफ 104 पन्नों का आरोप-पत्र जारी किया, जिसमें भूपेश बघेल सरकार के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और घोटालों का आरोप लगाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप-पत्र जारी करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी और उसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पिछले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों सहित विभिन्न अवसरों पर किए गए कुल 316 वादों को कांग्रेस





सरकार पूरा करने में विफल रही। राज्य में कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए पात्रा ने आरोप लगाया कि राज्य में माफिया और अपराधियों को खुली छूट दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया, 'कांग्रेस सरकार ने बलात्कार के 5,900 से अधिक मामलों को नजरअंदाज किया है। यह छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का असली चेहरा है। पात्रा ने दावा किया कि गांधी ने छत्तीसगढ़ में शराब की बिक्री पर 100 प्रतिशत प्रतिबंध का वादा किया था, लेकिन राज्य में बघेल सरकार के तहत 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का शराब घोटाला हुआ।

### कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदारों को मिली छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी

भाजपा नेता ने सरकारी रिक्तियों को भरने में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया तथा दावा किया कि कांग्रेस नेताओं के कई रिश्तेदारों को छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी मिली। उन्होंने आरोप लगाया, तबादले और भर्ती के नाम पर करीब 20 हजार शिक्षकों से करोड़ों रुपए वसूले गए।

### धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस सरकार पर छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को बढ़ावा देकर आदिवासियों की संस्कृति को नष्ट करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, मोदी सरकार ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए काम किया। लेकिन, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों को बढ़ावा दिया और उनसे भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्याएं करवाईं।

### पांच साल में छत्तीसगढ़ को अंधेरे में धकेला: लेखी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी घमासान में जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा नेता व विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने राहुल गांधी के सोमवार को राज्य के दौरे के दौरान लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए सत्तारूढ़ दल कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि पिछले पांच वर्ष में भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को केवल लूटा है और इसे अंधेरे में धकेल दिया है। लेखी भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान राज्य के बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित कर रही थी।

### मंत्रिमंडल का फैसला: समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीद 1 नवंबर से

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में एक नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने का फैसला किया है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीद तथा 'कस्टम मिलिंग' की नीति का निर्धारण किया गया, जिसके तहत भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार धान और मक्का की खरीद की जाएगी। समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीफ धान की खरीद एक नवंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक जारी रहेगी। इसी तरह एक नवबंर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक मक्का की खरीद की जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के अनुसार प्रति एकड़ अधिकतम 20 क्विंटल धान और प्रति एकड़ 10 क्विंटल मक्का की खरीद की जाएगी। इस वर्ष विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री बघेल ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की थी। यह पहले 15 क्विंटल प्रति एकड़ थी।

### राहुल गांधी 30 को एमपी में जनसभा को करेंगे संबोधित



**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 30 सितंबर को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष (संगठन) राजीव सिंह ने कहा, राहुल गांधी 30 सितंबर को शाजापुर जिले के कालापीपल शहर में एक जन सभा को संबोधित करेंगे। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले यह उनका पहला बड़ा कार्यक्रम होगा।उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर गांधी का शाजापुर जिले का दौरा पार्टी के लिए निर्णायक होगा।

### मैं तो भाजपा का कार्यकर्ता मात्र हूं: ज्योतिरादित्य



**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्यप्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी उम्मीदवारी की संभावना पर मंगलवार को कहा कि वह भाजपा के कार्यकर्ता मात्र हैं। सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हरेक कार्यकर्ता पार्टी की दी गई प्रत्येक जिम्मेदारी को अपना धर्म मानकर निभाता है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनावी मैदान में इसलिए उतारा है क्योंकि वह अपनी हार के अहसास से घबरा गई है। सिंधिया ने कहा, चुनावों में कौन घबराया है, यह राज्य की जनता अगले 60 दिन में तय कर देगी।

## पीएम मोदी ने दिल्ली व अहमदाबाद में किया कार्यक्रमों को संबोधित

# विकास के लिए देश में स्वच्छ व स्थिर शासन जरूरी: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश की विकास यात्रा जारी रखने के लिए स्वच्छ, स्पष्ट और स्थिर शासन आवश्यक है। उन्होंने भारत में हो रहे सकारात्मक विकास का श्रेय राजनीतिक स्थिरता, नीति स्पष्टता और लोकतांत्रिक मूल्यों को दिया। प्रधानमंत्री मोदी भारत मंडपम में आयोजित 'जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट' के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 30 दिनों के दौरान



भारत की कूटनीति एक नई ऊंचाई पर पहुंची है। उन्होने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान लिए गए कुछ निर्णयों में 21वीं सदी की दुनिया की दिशा बदलने की क्षमता है।

### सवाल उठाने वालों ने नारी शक्ति से डरकर किया विधेयक के पक्ष में मतदान

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जिन्होंने लोकसभा और राज्यों की विधानसभा में महिलाओं के लिए सीटों को आरक्षित करने से संबंधित विधेयक को दस वर्ष तक 'लंबित' रखा, उन्होंने नारी शक्ति के ड़र से इसके पक्ष में मतदान किया है। प्रधानमंत्री ने यह बयान विधेयक के पारित होने के उपलक्ष्य में महिलाओं द्वारा आयोजित उनके अभिनंदन समारोह में दिया। उन्होंने कहा कि देश ने उन लोगों को भी देखा जिन्होंने लोकसभा और राज्यों की विधानसभा की सीटों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक पर 'लेकिन' और 'हालांकि' के साथ कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विधेयक 'मेरी गारंटी' है।

### ईमानदारों को पुरस्कार बेईमानों पर कार्रवाई

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए ईमानदार प्रयास किए हैं और बिचौलियों की समस्या को नियंत्रित करने और सिस्टम में रिसाव को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित प्रणालियों के कार्यान्वयन का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, आज ईमानदारों को पुरस्कृत किया जा रहा है जबकि बेईमानों पर कार्रवाई की जा रही है।

### पीएम ने गिनाए ये काम

मोदी ने कहा कि पिछले 30 दिन में समाज के विभिन्न वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई, एक लाख से ज्यादा नौजवानों को केंद्र सरकार में सरकारी नौकरी दी गई और इसी अवधि में नए संसद भवन में संसद का सत्र हुआ जिसमें महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ। विश्वकर्मा जयंती पर आरंभ किए गए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के कारीगरों का सशक्तिकरण होगा।

### भारत कुछ नया करने की जगह बना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत कुछ न कुछ नया करने वाली जगह बनता जा रहा है। पिछले 30 दिनों की गतिविधियों से यह स्पष्ट है। मैं आपको पिछले 30 दिनों का रिपोर्ट कार्ड देना चाहता हूं। इससे आपको नए भारत की गति और पैमाने का अंदाज़ा हो जाएगा। 23 अगस्त तो आपको याद ही होगा चन्द्रयान-3 चन्द्रमा पर उतरा था।

### विपक्ष पर हमला पीड़ादायी : शरद

**मुंबई।** राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्ष पर की गई टिप्पणी पीड़ादायी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान कई महिला केंद्रित निर्णय लिए गए थे। पवार ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

## प्रधानमंत्री की रैली से पहले बीआरएस ने साधा निशाना

# पीएम ने तेलंगाना के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई, माफी मांगे: रामा राव

**एजेंसी** | हैदराबाद

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राज्य के गठन पर अपनी टिप्पणियों से तेलंगाना के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए।

के टी रामा राव का यह बयान ऐसे समय में आया है जब तेलंगाना में कुछ दिन बाद भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री मोदी की रैली



आयोजित की जाने वाली है। के टी रामा राव ने आरोप लगाया कि मोदी ने पिछले 10 वर्ष में बार-बार तेलंगाना के गठन के बारे में अपमानजनक बातें की हैं, जिससे यहां के लोगों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। पीएम मोदी एक अक्टूबर को महबूबनगर में भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे के टी रामा राव ने दावा किया कि तेलंगाना के गठन पर मोदी ने संसद में कई बार कहा कि कांग्रेस ने बच्चे को जन्म देने के लिए मां (आंध्र प्रदेश) को मार डाला। उन्होंने कहा, यह कहना कि मां को मारकर बच्चे को बाहर निकाला गया, उनके ज्ञान और बुद्धि की कमी को दर्शाता है।

### शिवराज ने की पूजा-अर्चना



*विदिशा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह मंगलवार को विदिशा में बेतवा नदी के तट पर श्री बाढ़वाले गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना व हवन करते हुए। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। -पीटीआई*

## ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा...

# BRS नेता कविता के खिलाफ 20 नवंबर तक समन नहीं होगा जारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि वह दिल्ली आबकारी नीति मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को तब तक समन जारी नहीं करेगा, जब तक 20 नवंबर को न्यायालय में उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं हो जाती।

न्यायाधीश संजय किशन कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू से कहा, ''इस बीच उन्हें न बुलाएं। राजू ने पीठ को भरोसा दिलाया कि कविता को पूछताछ के लिए 20 नवंबर तक नहीं बुलाया जाएगा। इसके बाद पीठ ने कविता की याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका में कविता ने 20 नवंबर के लिये एजेंसी द्वारा जारी समन को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि जिन मामलों में सुरक्षा के अंतरिम आदेश जारी किए गए हैं, उनकी अवधि बढ़ाई जाएगी।



प्रवर्तन निदेशालय ने न्यायालय को 15 सितंबर को बताया था कि वह दिल्ली आबकारी नीति मामले में बीआरएस की नेता के. कविता को जारी समन की तारीख 10 दिन बढ़ाएगा। निदेशालय ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को चार सितंबर को समन जारी कर एजेंसी के दिल्ली स्थित कार्यालय में 15 सितंबर को पेश होने के लिए कहा था।

कविता ने न्यायालय से अनुरोध किया है कि उनकी याचिका की सुनवाई के दौरान निदेशालय को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत नोटिस या समन के माध्यम से उन्हें बुलाने से रोकने का निर्देश दिया जाए। उन्होंने याचिका में ईडी द्वारा कठोर कार्रवाई से सुरक्षा दिए जाने का भी आग्रह किया है।

## चुनावी बोल

### चुनावों को लेकर भाजपा आशंकित

**ओरछा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में तीन



केंद्रीय मंत्रियों और कुछ सांसदों को मैदान में उतारने का भाजपा का कदम उसकी संभावनाओं को लेकर चिंता की भावना को दर्शाता है। राज्य के लोगों ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है।

### AIADMK पर पहले द्रमुक से बात होगी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि अन्नाद्रमुक को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'



में शामिल करने के किसी भी फैसले के लिए द्रमुक या उसके अध्यक्ष एम के स्टालिन से सलाह मशविरा किया जाएगा। द्रमुक इंडिया के घटक दलों की सहयोगी पार्टी है। इसलिए परामर्श जरूरी है।

## मध्य प्रदेश की चुनाव डायरी


# भाजपा का बड़ा दांव, जातिगत व क्षेत्रीय समीकरण साधने की जुगत

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में भाजपा द्वारा सोमवार दूसरी सूची की घोषणा के बाद राजनीतिक क्षेत्रों में यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि पार्टी ने राज्य के लिए अपनी चुनावी रणनीति में अहम बदलाव किया है और वह चुनाव जीतने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहती है। पार्टी ने इस सूची के साथ जातीय व क्षेत्रीय समीकरण साधने की कोशिश की है।

हालांकि, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा पर तीखा सियासी हमला करते हुए दावा किया कि यह राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए हार स्वीकार करने जैसा है और उसने "झूठी





उम्मीद का आखिरी दांव" खेला है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा ने संभवतः एंटी इनकबेंसी के कारण वरिष्ठ नेताओं को चुनावी मैदान में उतारा है। राज्य में 18 सालों से भाजपा की सरकार है। हाल ही में अमित शाह ने अपने भोपाल दौरे में साफ कर दिया जाएगा की इस बार केवल जीतने वाले ही उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि भाजपा 100 सीटों पर ऐसे उम्मीदवार उतारने के मूड़ में है जिससे जातिगत और क्षेत्रीय समीकरणों को साधा जा सके।

### ऐसे की है व्यूहरचना

सूत्रों के अनुसार भाजपा ने महाकौशल क्षेत्र की दो सीटों पर दो बड़े ओबीसी चेहरों को चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। नरसिंहपुर सीट से केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल को टिकट देकर केंद्रीय नेतृत्व ने यह संदेश भी दिया है कि चुनाव जीतने की क्षमता को ही टिकट का आधार बनाया गया है। इस सीट से वर्तमान में उनके छोटे भाई जालम सिंह विधायक हैं। इसके अलावा दूसरी सूची में जबलपुर से चार बार के सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह का नाम होने से साफ संकेत हैं कि मोदी-शाह ने मध्यप्रदेश में चुनावी रणनीति में नया प्रयोग किया है। दूसरी ओर नरेंद्र सिंह तोमर को टिकट देकर भाजपा ने ग्वालियर चंबल क्षेत्र को साधने की कोशिश की है। वहीं कैलाश विजयवर्गीय को टिकट देकर मालवा-निमाड़ की 66 सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

### गोंडावन पार्टी के दिवंगत प्रमुख की बेटी को टिकट

इस बीच, भाजपा ने मंगलवार को अपने एक और उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। भाजपा की नवीनतम उम्मीदवार मोनिका बट्टी हैं, जो अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत मनमोहन शाह बट्टी की बेटी हैं। वह पिछले हफ्ते भाजपा में शामिल हुई थीं। मोनिका कांग्रेस के दिग्गज नेता कमल नाथ के गृह जिले छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। मोनिका की उम्मदीवारी भाजपा की एक रणनीतिक चाल मानी जा रही है। भाजपा ने अब तक 79 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं।

### भाजपा की सूची 'नाम बड़े, दर्शन छोटे': कमलनाथ



मप्र कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ ने भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची को लेकर 'एक्स' पर लिखा, दूसरी सूची पर एक ही बात सही है- नाम बड़े और दर्शन छोटे। भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपने सांसदों को विधानसभा का टिकट देकर साबित कर दिया है कि भाजपा न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। इसका सीधा अर्थ ये हुआ कि वो ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए। उन्होंने कहा, अपने को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा को जब आज ये दिन देखने पड़ रहे हैं कि उसको लड़वाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं, तो फिर वोट देने वाले कहां से मिलेंगे। भाजपा आत्मविश्वास की कमी के संकटकाल से जूझ रही है। अबकी बार भाजपा अपने सबसे बड़े गढ़ में, सबसे बड़ी हार देखेगी। कांग्रेस भाजपा से दोगुनी सीट जीतने जा रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है।

## एवरग्रीन देव आनंद सोसायटी ने हेमा मालिनी को देवानंद पुरस्कार से किया सम्मानित

# कोई यूं ही देवानंद नहीं बन जाता वो आज भी हैं फैशन आइकॉन

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स में एवरग्रीन एक्टर देव आनंद की दीवानगी आज भी कायम है। उन्होंने उनकी स्टाइल में ही कपड़े पहने और उनका अंदाज अपनी अदाओं में दिखाया। उनकी फिल्मों के गानों पर हर उम्र के लोग थिरकते नजर आए। फिर गुलाबी नगरी में बॉलीवुड ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी देवआनंद के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम में हिस्सा लेकर किस्से-कहानियां बताईं। ये सब देखने को मिला जयपुर में फिल्म अभिनेता देवआनंद के 100वें जन्मदिन पर हुए कार्यक्रमों में। इसी कड़ी में 'द एवरग्रीन देव आनंद सोसायटी जयपुर की ओर से 'जयपुर देव फेस्टिवल का' आयोजन किया गया। सोसायटी प्रेसिडेंट रवि कामरा ने बताया कि राजमंदिर सिनेमा हॉल में रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच हेमा मालिनी पहुंचीं। उन्होंने देव आनंद के पोर्ट्रेट का अनावरण किया। इस मौके पर भारतीय डाक विभाग की ओर से देव आनंद पर विशेष प्रथम दिवस का आवरण जारी किया गया, जिसमें चीफ पोस्ट मास्टर जनरल दिल्ली मंजू कुमार उपस्थित थीं। इस दौरान हेमा मालिनी को देव आनंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



फोटो: राजेश कुमावत और पंकज शर्मा



### दिखाई हेमा की जर्नी

फिल्म अदाकारा हेमा मालिनी के फिल्मी सफर पर आधारित 4 मिनट की फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में श्वेता गर्ग और इंडिया इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कथक डांस एंड म्यूजिक स्टूडेंट्स ने क्लासिकल नृत्य से देवानंद को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विशेष आकर्षण जयपुर के म्यूजिक आइकॉन पद्मभूषण ग्रेमी अवॉर्ड विजेता पंडित विश्वमोहन भट्ट द्वारा मोहन वीणा पर देवानंद के गानों के साथ-साथ क्लासिकल धुनों पर लाइव परफॉर्मेंस रही। इस दौरान देव आनंद गाने पिया तोसे नैना लगे रे, तेरे मेरे सपने व ड्रीम गर्ल... गानों की धुनें खास रहीं।



### गीतकारों के संदेश सुनाए

साथ ही गीतकार जावेद अख्तर का वीडियो मैसेज और रेडियो अनाउंसर अमिन लेंदप का संदेश पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम का समापन फिल्म समीक्षक और लेखक भावना सोमैया द्वारा हेमा मालिनी के इंटरव्यू के साथ हुआ, जिसमें हेमा मालिनी ने अपने फिल्मी सफर और जिंदगी से जुड़े कई छुए-अनछुए पहलुओं पर बात की।

### प्रश्नोत्तरी में देव आनंद के सवाल-जवाब

इससे पहले सुबह जवाहर कला केन्द्र जयपुर में 10 से अधिक कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने देव आनंद पर केन्द्रित एक म्यूजिकल प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। संचालन रिटायर्ड आईएएस महेंद्र सुराना ने किया और कई रोमांचित करने वाले सवालों से देव आनंद को याद किया गया। कार्यक्रम में डीजी पुलिस उमेश मिश्रा जवाहर कला केंद्र की एडीजी प्रियंका जोधावत सहित कई बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। युवाओं ने देव आनंद से जुड़े सवालों के रोचक जवाब दिए और संचालक ने कई किस्से-कहानियां सुनाकर देव साहब को फिर जिंदा कर दिया।

## सीसीटीवी कैमरों का शिलान्यास



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 132 मौजी कॉलोनी व ई-ब्लॉक में विधायक कोष से लगने वाले सीसीटीवी कैमरों का शिलान्यास किया। पार्षद ममता महावर ने बताया कि चोरी, डकैती व गाड़ियों के शीशे टूटने की घटनाओं को देखते हुए कैमरे लगाए जा रहे हैं। नटवर कुमावत ने बताया कि मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 8 कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरे विधायक कोष से लग चुके हैं। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, विकास समिति अध्यक्ष जसवंत संपतराम रिटायर्ड आईपीएस, सचिव राहुल सूद, कोषाध्यक्ष जगदीश मिरचंदानी, वी. के त्यागी, डॉ. शरद चंद्र, आदित्य कश्यप, डॉ. खुबलानी, जुगल किशोर अग्रवाल, अनिल शर्मा, सतीश सेन, त्रिलोक महावर व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्याम भजन संध्या कल

**बेधड़क. जयपुर।** शहरवासी श्याम भजन संध्या में बेहतरीन सिंगर्स के भजनों से सरोबार शाम में भक्तिभाव से जुड़ेंगे। साथ ही भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार शाम को न्यू सांगानेर रोड स्थित संजीवनी अस्पताल के सामने अक्षयधाम मैरिज गार्डन में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मनीष ने बताया सिंगर गोपाल सैन, हेमलता खंडेलवाल और सनी चक्रधारी अपनी चिरपरिचत आवाज में श्याम भजनों से बाबा को रिझाएंगे।

## युवाओं को कराई हवाई यात्रा



**बेधड़क. जयपुर।** युवाओं को हवाई यात्रा के दौरान दिल्ली दर्शन कराए गए। चाकसू विधानसभा के बच्चों को दो दिन की ये यात्रा कराई गई। विधायक वेदप्रकाश सोलंकी और अनिता सोलंकी ने आयोजन किया। बोर्ड परीक्षा में ब्लॉक चाकसू, माधोराजपुरा और कोटखावदा के टॉपर्स बच्चों को हवाई जहाज शैक्षिक भ्रमण पर जयपुर से दिल्ली ले जाया गया और दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों इंडिया गेट, जंतर मंतर, लाल किला, भारतीय संसद भवन, राजपथ आदि के दर्शन कराए। इस दौरान दीपाली यादव, पिंकी यादव, प्रिया गौतम, मनीषा शर्मा, अक्षिता स्वामी, प्रिया शर्मा, तनु शर्मा, प्रियांशु बैरवा, वैभव शर्मा, रोहित चौधरी, आरती खींची, प्रिया बैरवा, किरण चौधरी, रामदेव प्रजापत, अमित हांकला, अभिषेक सैनी, लवीश जैन, शुभम चौधरी, आरती बंशीवाल, हिमांशी महावर, शीतल शर्मा, पायल मीना, हंसराज मीना, प्रज्ञा खंडेलवाल, आरती मीना, किस्मत कंवर, बनवारी लाल बैरवा, मोनिका जांगिड़ शामिल थे।

## City इवेंट्स

### आपदा प्रबंधक कक्ष की शुरुआत



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे ने दुर्घटना और आपदा की जानकारी जुटाने और निवारण की विवेचना के लिए प्रधान कार्यालय में सूचना तंत्र व संसाधनों से युक्त केन्द्रीकृत आपदा प्रबंधक कक्ष की शुरुआत की है। इससे क्षेत्रीय रेलवे में हुई किसी भी आपदा के बारे में रेल-वे बोर्ड, सिविल अधिकारियों, राज्य सरकारों, विभिन्न सहायता एजेन्सियों से सम्पर्क कर कार्यवाही की जाएगी। महाप्रबंधक विजय शर्मा ने कहा कि कक्ष ना केवल आपदा-दुर्घटना के समय अधिकारियों के मॉनिटरिंग में सहायक होगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक गौतम अरोरा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रणय प्रभाकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर प्रमोद कुमार जैन, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी जीएल गोयल व मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सारस्वत बने झोटवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम झोटवाड़ा उपशाखा कार्यकारिणी के चुनाव मंगलवार को चुनाव अधिकारी विजय शर्मा, पर्यवेक्षक मुकेश मीना के निर्देशन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरनाथपुरा में संपन्न हुए। इसमें ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार सारस्वत, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सांखला, मंत्री विजय प्रकाश शर्मा सभाध्यक्ष कोमल शर्मा, व्याख्याता प्रतिनिधि यतींद्र सिंह, महिला उपसभा अध्यक्ष उषा शर्मा, महिला मंत्री कविता सैनी जिला महासमिति में रामचंद्र सिंह, रूपनारायण मीना, भंवर सिंह राठौड़, राधेश्याम मीना एवं प्रदेश महासमिति में मुकेश मीना निर्वाचित हुए। इस अवसर पर चन्द्रप्रकाश यादव, राधेश्याम सैनी, अजय कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।


### वार्षिक मिलन में युवाओं का सम्मान




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान कुलश्रेष्ठ सभा का वार्षिक मिलन समारोह कानोता कैंप रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। सभा अध्यक्ष अवधेश कुलश्रेष्ठ ने बताया कि समारोह में लेखिका मनीषा कुलश्रेष्ठ ने हिंदी लेखन की बारीकियों पर प्रकाश डाला और महिलाओं को लेखन क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य करने पर पुरस्कारों की घोषणा की गई। समारोह में विभिन्न वर्ग में खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले युवाओं को पुरस्कृत किया गया।

## पपेट शो से दी टिकिट्स की जानकारी

# 1 करोड़ से ज्यादा की वेल्यू वाला डाक टिकट कर गया रोमांचित



**बेधड़क | जयपुर**

डाक विभाग की थीम पर सजे पपेट शो ने हर उम्र के लोगों को रोमांचित कर दिया। कठपुतली डांस पर डाक टिकटों की जानकारी दी गई तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

मौका था भारतीय डाक विभाग राजस्थान डाक परिमण्डल की ओर से आयोजित 15वीं डाक टिकट प्रदर्शनी में ऐसी एक्टिविटीज देखने को मिली। दूसरी ओर दर्शकों में फिलैटली देखने का उत्साह रहा। प्रमुख रूप से स्कूली बच्चों का हुजूम देखने को मिला। 5000 से ज्यादा स्कूली बच्चों ने डाक विभाग की थीम पर सजे कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

चतुर्दिक में क्ले मॉडलिंग, पेंटिंग, टैटू मेकिंग सहित प्रश्नोत्तरी का काउंटर लगाया गया, जहां पर ज्ञानवर्धक कई जानकारी दी गई। फिलैटली में पटना पोस्ट द्वारा जारी किए गए 2 आने का खास कलेक्शन खास रहा। यह टिकट 1774 में जारी किया गया था। फिलैटलिस्ट राजेश पहाड़िया ने बताया कि दुर्लभतम टिकट की आज की मार्केट वैल्यू 1 करोड़ से ज्यादा है।

टिकट का वजन 8.95 ग्राम व व्यास 24.6 एमएम है। यह कॉपर क्वॉइन अजीमाबाद मिंट पटना में बने हैं। वहीं, 1 जुलाई 1852 से 30 सितंबर 1854 के मध्य जारी किए ब्रिटिश भारत के पहले डाक टिकट सिंध डॉक टिकट देखने को मिला। इसकी डिजाइन एंसिएंट शिप मर्चेंट के कॉम्बिनेशन पर आधारित है।

## ठाकुर जी ने किया जल विहार



**जयपुर।** जल झूलनी एकादशी पर मंगलवार को मंदिरों में ठाकुरजी को जल विहार कराया गया। इस अवसर पर गोविंददेवजी मंदिर में भगवान के बाल स्वरूप को मंदिर से बाहर ले जाया गया और भ्रमण कराने के बाद जल में नौका विहार भी कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान के दर्शन कर उपवास खोला।

## पोस्टर का विमोचन



**जयपुर।** गजेंद्र सेवा समिति के तत्वाधान में न्यू सांगानेर रोड पर स्थित ओंकार मैरिज गार्डन में स्व. गगेंद्र सिंह शेखावत की 12वीं पुण्यतिथि पर 27 सितंबर को सुबह 9:00 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को कांग्रेस नेता पवन गोयल ने किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है।

## पाठ्य सामग्री का वितरण



**बेधड़क. जयपुर।** बच्चों को पाठ्य सामग्री मिली वे रोमांचित हो उठे। मौका था शकुन ग्रुप सीएमडी गोकुल दास महेश्वरी व माहेश्वरी समाज के मुख्य मंत्री मनोज मूंदड़ा के एसओएस बाल ग्राम जयपुर में असहाय बच्चियों को पाठ्य सामग्री वितरित करने का। पेन, पेन्सिल, किताब, नोटबुक सहित पूरी सामग्री को वितरित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। गोकुल महेश्वरी ने बच्चों से कहा कि आप हमारे देश का भविष्य हैं। हम 10 बच्चियों को स्कॉलर शिप देंगे। यदि उन बच्चियों में से कोई 10 प्रतिशत ज्यादा नंबर लाकर विदेश जाना चाहें तो उन्हें पढ़ने के लिए विदेश भेजा जाएगा। इस दौरान सोनल महेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा असहाय बच्चियों को पाठ्य सामग्री वितरित करके समाज में एक नया संदेश दिया।

## श्वेत दरबार में विराजेंगे बाबा

**बेधड़क. जयपुर।** श्रीश्याम महोत्सव में श्रीश्याम भक्त सेवा परिवार समिति की ओर से 1 अक्टूबर को श्याम दरबार से सजाया जाएगा, जिसमें श्याम बाबा सफेद रंग की ऊंची मीनारों वाले दरबार मे विराजेंगे। संस्था महासचिव डॉ. एस पी यादव व अध्यक्ष निर्मल गुप्ता ने बताया कि विद्याधर नगर में 11 स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। 1 अक्टूबर को विद्याधर नगर स्टेडियम में दोपहर 12:15 से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें सुमित सैनी, प्रमोद त्रिपाठी व लखबीर सिंह लक्खा प्रस्तुति देंगे। इस दौरान देश भर के संत-महंतों का सानिध्य प्राप्त होगा। मुख्य रूप से अलवर सांसद महंत बालकनाथ योगी, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, महंत गोपाल दास काले हनुमान मंदिर, खाटू धाम से मोहनदास महाराज, महेंद्र सिंह चौहान खाटू धाम, सालासर धाम महंत रविशंकर पुजारी, प. राजकुमार चतुर्वेदी का आशीर्वाद भक्तों को प्राप्त होगा।

**महापर्व** दशलक्षण पर्व के तहत जैन मंदिरों में हुए कई आयोजन

# 'संस्कारी बहू' में महिलाओं ने दिखाया भक्ति का भाव

**बेधड़क | जयपुर**

दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों के चल रहे दशलक्षण महापर्व में वीतराग धर्म का उत्तम त्याग लक्षण भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिर जयकारों से गुंजायमान हो उठे। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद् के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया, कि दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह अभिषेक, शांतिधारा के बाद दशलक्षण धर्म में उत्तम त्याग लक्षण की विधान मंडल पर अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई।



### अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना

श्योपुर के श्रीचन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में सुबह दिव्या बाकलीवाल व अमिता साह के नेतृत्व में अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर माधुरी, डिम्पल, मिनाक्षी, जूली, श्वेता सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई। सायंकाल महाआरती व णमोकार महामंत्र के जाप के बाद संस्कारी बहू नाटक की प्रस्तुति दी गई। मुख्य भूमिका दिव्या बाकलीवाल, श्वेता तथा सविता जैन ने निभाई।

### उत्तम आकिंचन्य लक्षण आज

सूर्य नगर के श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण पूजा तथा सोमा सती नाटक व धन-वैभव की लक्ष्मी नाटक की प्रस्तुति दी गई। आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि, दुर्गापुरा, संघीजी मंदिर सांगानेर आदि मंदिरों में विशेष आयोजन हुए। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि बुधवार को उत्तम आकिंचन्य लक्षण मनाया जाएगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 27 सितंबर, 2023





“जिस प्रकार ध्येय के बिना कर्म व्यर्थ है, उसी तरह प्रसन्नता के बिना जीवन व्यर्थ है, इसलिए सदैव प्रसन्न रहिए”
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र सेना प्रमुख सम्मेलन: 30 देशों के सैन्य प्रमुख व प्रतिनिधि आए

# कोई भी देश अकेला चुनौतियों को हल नहीं कर सकता: राजनाथ सिंह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जटिलताओं से निपटने और क्षेत्र में समृद्धि, सुरक्षा तथा समावेशी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

सिंह ने मंगलवार को यहां 13वें हिंद-प्रशांत सेना प्रमुख सम्मेलन (आईपीएसीसी) में कहा कि राष्ट्रों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक मुद्दों में कई हितधारक शामिल हैं और कोई भी देश अकेले इन चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकता। उनकी यह टिप्पणी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक सैन्य व्यवहार पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई है। भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में 35 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।





### भारत का दृष्टिकोण विवादों के शांतिपूर्ण हल पर जोर: जनरल पांडे

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि हिंद-प्रशांत के लिए भारत का दृष्टिकोण क्षेत्र में सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर और बलप्रयोग से बचने पर जोर देता है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में जनरल पांडे ने यह बात कही। उन्होंने कहा, हमारे सामने अहम चुनौतियां हैं, लेकिन उतना ही अहम हमारा सामूहिक विवेक और शक्ति है। खुले संवाद और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से हम चुनौतियों के नवोन्मेषी समाधान तलाशेंगे। हिंद-प्रशांत के महत्व पर जोर देते हुए जनरल पांडे ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र महज राष्ट्रों का समूह नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे पर परस्पर निर्भरता का उदाहरण है। हमारा लक्ष्य विश्वास कायम करना तथा सहयोग मजबूत करना है। जनरल पांडे ने कहा, हमें इस बात को मानना चाहिए कि हमारे उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में हमारे तरीके और पद्धतियां अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारा लक्ष्य एकसमान है और वह है खुला और स्वतंत्र हिंद-प्रशांत।

### हिंद महासागर अब भू-राजनीतिक रचना

सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत अब एक नौवहन रचना ही नहीं है, बल्कि एक पूर्ण भू-रणनीतिक रचना है, और यह क्षेत्र सीमा विवादों और समुद्री दस्यु सहित विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। रक्षा मंत्री ने अमेरिकी लेखक स्टीफेन आर कोवी के एक सैद्धांतिक मॉडल के माध्यम से क्षेत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को समझाया, जो ‘सर्कल ऑफ कन्सर्न’ और ‘सर्कल ऑफ इन्फ्लुएंस’ पर आधारित है। उन्होंने कहा, ऐसे उदाहरण हो सकते हैं जब विभिन्न देशों के ‘चिंता के चक्र’ यानी ‘सर्कल ऑफ कन्सर्न’ एक-दूसरे पर हावी होते हैं। किसी भी देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों से परे, समुद्र से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्ग प्रासंगिक उदाहरण हैं।

### राजनयिक विवाद का सैन्य संबंधों पर असर नहीं: कनाडा

कनाडा के उप सेना प्रमुख मेजर जनरल पीटर स्कॉट ने मंगलवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच मौजूदा राजनयिक विवाद का असर उनके द्विपक्षीय सैन्य संबंधों पर नहीं पड़ेगा और मामले को राजनीतिक स्तर पर सुलझाना होगा। स्कॉट यहां हिंद-प्रशांत सैन्य प्रमुखों के सम्मेलन में कनाडा के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें 30 से अधिक देशों से आए सैन्य प्रतिनिधिमंडल हिस्सा ले रहे हैं।

### अपहृत युवकों की मौत पर भड़के छात्र

## भीड़ पर लाठीचार्ज, 45 से अधिक लोग घायल

■ राज्य में स्कूलें शुक्रवार तक बंद



**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर की इंफाल घाटी में दो युवकों की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रही भीड़ पर पुलिस ने मंगलवार को आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया, जिसमें 45 से अधिक छात्र घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, घायलों में ज्यादातर लड़कियां हैं। इन दोनों युवकों का जुलाई में कथित तौर पर अपहरण किया गया था।

मौजूदा हालात को देखते हुए राज्य के सभी स्कूल शुक्रवार तक बंद रहेंगे। दो युवकों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ घंटों बाद इंफाल स्थित स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने विरोध रैलियां निकालीं और हत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग की। थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों से छात्रों और सुरक्षाबलों के बीच इसी तरह की झड़प की सूचना मिली है। प्रदर्शनकारियों की इंफाल पूर्वी जिले के संजेनथोंग के पास पुलिस के साथ झड़प हो गई जब सुरक्षाबलों ने उन्हें यहां मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने आंदोलनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज किया। चिकित्सा सुविधाओं के अधिकारियों ने कहा कि पुलिस कार्रवाई में 45 से अधिक छात्र घायल हो गए और उन्हें इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों के विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उनमें से 31 का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है, 12 अन्य का दो सरकारी सुविधाओं में इलाज चल रहा है जबकि दो अन्य को दूसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लापता छात्रों के शवों की तस्वीरें सोमवार को सोशल मीडिया पर सामने आईं, जिसके बाद मणिपुर सरकार ने लोगों से संयम बरतने और अधिकारियों को दोनों के अपहरण और हत्या की जांच करने में सहयोग करने के लिए कहा। दोनों युवकों की पहचान फिजाम हेमजीत (20) और हिजाम लिनथोइनगांबी (17) के रूप में हुई। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सचिवालय द्वारा सोमवार देर रात जारी किये गए एक बयान में राज्य सरकार ने कहा कि जांच के लिए मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया है।

### न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर जताई निराशा

## केंद्र के पास 70 सिफारिशें हैं लंबित: SC



**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेजियम की 70 सिफारिशें बीते नवंबर से अब तक सरकार के पास अटकी हुई हैं और अटॉर्नी जनरल से इस मुद्दे को हल करने के लिए उनके कार्यालय का उपयोग करने को कहा। न्यायाधीश संजय किशन कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ द्वारा मामला उठाए जाने के बाद अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए लंबित सिफारिशों पर निर्देश लेने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश कौल ने वेंकटरमणी को बताया, आज मैं चुप हूं क्योंकि अटॉर्नी जनरल ने बहुत कम समय मांगा है, अगली बार मैं चुप नहीं रहूंगा।

**देरी से कई वकीलों ने नाम लिए वापस**: न्यायाधीश कौल ने कहा, न्यायपालिका सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को लाने की कोशिश करती है लेकिन लंबित मामलों के कारण जिन वकीलों के नाम न्यायाधीश बनाने के लिए अनुशंसित किए गए थे, उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। जिस तरह से अच्छे उम्मीदवार न्यायाधीश बनने के लिए अपनी सहमति वापस लेते हैं वह वास्तव में चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत नियमित अंतराल पर नियुक्ति प्रक्रिया की निगरानी करेगी। पीठ ने कहा,पिछले सप्ताह तक 80 सिफारिशें लंबित थीं, जब 10 नामों को मंजूरी दी गई। अब, यह आंकड़ा 70 है, जिनमें से 26 सिफारिशें न्यायाधीशों के स्थानांतरण की हैं, सात सिफारिशें दोहराई गई हैं, नौ कॉलेजियम को वापस किए बिना लंबित हैं ।


**सात माह से नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई**: न्यायाधीश कौल ने कहा कि लंबित सिफारिशों पर कोई ठोस कार्रवाई सात महीनों से नहीं हुई है और मामूली प्रक्रियागत कदम उठाने से यह काम हो जाते हैं। न्यायाधीश कौल उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति को देखने वाले कॉलेजियम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, हमने चीजों को आगे बढ़ाने और बारीकी से निगरानी करने का प्रयास किया है।

### संयुक्त राष्ट्र: नाम लिए बगैर जयशंकर की कनाडा को नसीहत

# आतंकवाद पर कार्रवाई में राजनीतिक सहूलियत आड़े नहीं आए

**एजेंसी** | संयुक्त राष्ट्र

भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से आतंकवाद, चरमपंथ और हिंसा पर अपनी प्रतिक्रिया तय करने में ‘राजनीतिक सहूलियत’ को आड़े नहीं आने देने का आह्वान किया।



**यह बोले विदेश मंत्री**

- क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान व अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप की कवायद चुनिंदा तरीके से नहीं
- वे दिन बीत गए जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि क्षेत्रीय अखंडता के प्रति सम्मान तथा अंदरूनी मामलों में गैर हस्तक्षेप की कवायद चुनिंदा तरीके से नहीं की जा सकती। वे दिन बीत गए जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनकी बातें मान लें। उनका इशारा परोक्ष रूप से अमेरिका की ओर था जिसने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कथित रूप से कनाडा को खुफिया सूचना उपलब्ध कराई थी। राजनीतिक सहूलियत संबंधी जयशंकर की टिप्पणी कनाडा के संदर्भ में प्रतीत होती है जिसके प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हाल में अपने देश में एक खालिस्तानी चरमपंथी नेता की हत्या में भारतीय एजेंटों की ‘संभावित’ संलिप्तता का आरोप लगाया था। भारत ने उनके बयान को बकवास एवं राजनीति से प्रेरित करार दिया था। विदेश मंत्री ने कहा, हमें टीका भेदभाव जैस अन्याय फिर नहीं होने देना चाहिए। जलवायु कार्रवाई भी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों से मुंह फेरकर जारी नहीं रह सकती है।

खाद्य एवं ऊर्जा को जरूरतमंदों के हाथों से निकालकर धनवान लोगों तक पहुंचाने के लिए बाजार की ताकत का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि जयशंकर ने कहा, हमारी चर्चाओं में, हम अक्सर नियम आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने की वकालत करते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

## "सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl